City24News
शहर आपका, खबर आपकी

ऑनलाइन हिन्दी डिजिटल ई-पेपर | वर्ष 2, अंक 12 | पेज 8 | शुक्रवार 12 जनवरी, 2024 | संपर्क: 9818180269

www.city24news.in ! youtube@city24media ! facebook@www.city24news.in ! twitter@city24media

# वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 हरियाणा के लिए बड़े निवेश का बना प्लेटफॉर्म

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने समिट के दौरान जापान और अमेरिका की लगभग 10 बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों से की बातचीत**

**कंपनियों ने हरियाणा में निवेश करने में दिखाई रुचि, माइक्रोसॉफ्ट कंपनी हरियाणा सरकार के साथ मिलकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में करेगी काम**

**जापान और हरियाणा सरकार के मध्य हाइड्रोजन पॉलिसी बनाने पर बनी सहमति**

**मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश, जापानी कंपनियों के सहयोग हेतु अलग से बनाया जाए ज्वाइंट कोलेबोरेशन सेल**



**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुजरात के एक दिवसीय दौरे पर हैं। गुजरात के गांधीनगर में चल रहे 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 में वीरवार को मुख्यमंत्री ने जापान और अमेरिका की लगभग 10 बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन बातचीत की और उन्हें हरियाणा में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। कंपनियों ने भी हरियाणा में निवेश करने के लिए गहरी रुचि दिखाई। इस मौके पर जापानी प्रतिनिधिमंडल से बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने जापानी भाषा में कंपनी के प्रतिनिधियों का स्वागत किया, जिससे वे बहुत ही खुश व उत्साहित नजर आए। बैठक के दौरान क्लीन-ग्रीन एनर्जी की दिशा में बढ़ते हुए जापान और हरियाणा सरकार के बीच हाइड्रोजन पॉलिसी बनाने पर सहमति बनी। मारुति सुजुकी ने भी इच्छा व्यक्त की है कि वे प्लग एंड प्ले पॉलिसी को अपनाते हुए हरियाणा सरकार की ई-व्हीकल पॉलिसी के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों पर अधिक से अधिक जोर देगी। इसके लिए राज्य में प्लांट स्थापित करने हेतु स्थल की पहचान की जा रही है।

**माइक्रोसॉफ्ट कंपनी हरियाणा सरकार के साथ मिलकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में करेगी काम**

समिट के दौरान मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के अध्यक्ष श्री पुनीत चंडोक व उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ भी बैठक की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट कंपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में हरियाणा सरकार के साथ मिलकर काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से माइक्रोसॉफ्ट को हर प्रकार का सहयोग दिया जाएगा। शीघ्र ही, चंडीगढ़ में प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें माइक्रोसॉफ्ट की ओर से आगामी रूपरेखा के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा।

**जापानी कंपनियों के सहयोग हेतु अलग से बनेगा ज्वाइंट कोलेबोरेशन सेल**

बैठक के दौरान प्रतिनिधियों ने कहा कि जापानी कंपनियों के लिए हरियाणा एक मदर स्टेट रहा है। वर्ष 1980 में पहली बार मारुति सुजुकी ने गुरुग्राम में अपनी पहली इकाई स्थापित की थी। उसके बाद कई जापानी कंपनियां हरियाणा में आई। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जापानी कंपनियों की सुविधा के लिए एक ज्वाइंट कोलेबोरेशन सेल स्थापित किया जाए, जो जापानी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ लगातार बात करेगा ताकि प्लग एंड प्ले मॉडल को तेजी से शुरू किया जा सके। बैठक में गुरुग्राम में जापानी स्कूल खोलने पर भी चर्चा की गई। यह पहला अवसर है जब जापानी कंपनियों के साथ-साथ जापान सरकार की ओर से भी अधिकारी इस समिट में आए हैं। यह हरियाणा के लिए सौभाग्य की बात है कि बैठक के दौरान जापान सरकार के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल को उन्होंने आश्वासन दिया कि जापान सरकार की ओर से हरियाणा को पूरा सहयोग दिया जाएगा। समिट के दौरान मुख्यमंत्री ने जापान की जेट्रो, डेन्जो कॉपारेशन, मारुति सुजुकी, यामानाशी हाइड्रोजन, ऐयर वॉटर कंपनी, टोयोट्सू अंबिका ऑटोमेटिव सेफ्टी, जेसीसीआईआई इंडिया तथा अमेरिका की ब्लैकस्टोन, यूपीस लॉजिस्टिक कंपनी, माइक्रोसॉफ्ट के प्रतिनिधियों से बातचीत की। इस अवसर पर हरियाणा उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री वी उमाशंकर, हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम के प्रबंध निदेशक यश गर्ग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### याशी कम्पनी प्रॉपर्टी आईडी सर्वे घोटाला केस

# लोकायुक्त ने शहरी निकाय विभाग को 15 दिन में जाँच रिपोर्ट न देने पर एंटी करप्शन ब्यूरो से विस्तृत जाँच करवाने की दी चेतावनी

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़ 11 जनवरी।** याशी कम्पनी के प्रॉपर्टी आईडी सर्वे घोटाले की सुनवाई करते हुए लोकायुक्त जस्टिस हरी पाल वर्मा ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और 15 दिन में जाँच रिपोर्ट न देने पर एंटी करप्शन ब्यूरो से मामले की विस्तृत जाँच करवाने की चेतावनी दी। मामले की सुनवाई की पिछली तारीख पर एंटी करप्शन ब्यूरो ने लोकायुक्त को दी अपनी प्राथमिक जाँच में एंटी करप्शन ब्यूरो ने प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे में फर्जीवाड़े के आरोपों को प्रथम दृष्ट्या सही पाते

**अगली सुनवाई 29 जनवरी को होगी**

हुए विस्तृत जाँच करने की जरूरत बताई थी ।इस पर लोकायुक्त ने शहरी निकाय विभाग के प्रधान सचिव से 11 जनवरी तक जाँच रिपोर्ट तलब की थी । लेकिन आज सुनवाई के दौरान शहरी निकाय विभाग के आधिकारी रिपोर्ट पेश नहीं कर सके। लोकायुक्त अब मामले की अगली सुनवाई 29 जनवरी को करेंगे ।

**ये है मामला:**

पानीपत के आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने लोकायुक्त जस्टिस हरि पाल वर्मा को गत वर्ष 19 जुलाई को निकाय मंत्री कमल गुप्ता, 12 आईएएस सहित शहरी निकाय विभाग के 88 अधिकारियों के खिलाफ़ शिकायत देकर याशी कम्पनी के प्रॉपर्टी आईडी सर्वे में घोटाले के गम्भीर आरोप लगाए थे। लोकायुक्त का नोटिस मिलते ही सरकार ने याशी कम्पनी को ब्लैक लिस्ट करते हुए 8 करोड़ रुपये की बकाया पेमेंट रोक दी थी व लाखों रुपये की परफॉर्मेंस बैंक गारन्टी भी जब्त कर ली थी । आरोप लगाया था कि प्रॉपर्टी आईडी का सर्वे बोगस होने के बावजूद अधिकारियों ने 58 करोड़ रुपये की पेमेंट कम्पनी को कर दी।इस बोगस सर्वे की त्रुटियों को



ठीक कराने के लिए पब्लिक धक्के खा रही है ।

**एंटी करप्शन ब्यूरो ने विस्तृत जाँच की बताई जरूरत:**

लोकायुक्त के आदेश पर की गई अपनी प्राथमिक जाँच में एंटी करप्शन ब्यूरो (मुख्यालय) के डीएसपी शुक्र पाल ने पीपी कपूर के आरोपों को सही पाते हुए घोटाले के पूरे खुलासे के लिए विस्तृत खुली जाँच की जरूरत बताई है । बताया कि मामले में फर्जीवाड़े की जांच पूरे रिकॉर्ड को अपने कब्जे में लिए बगैर और सम्बनधित अधिकारियों के ब्यान लिए बगैर सम्भव नहीं है ।

**एंटी करप्शन ब्यूरो की प्राथमिक जाँच में हुआ खुलासा:-**

टेंडर एग्रीमेंट की शर्त मुताबिक याशी कम्पनी को भुगतान से पहले सर्वे की गई सम्पतियों में से 10 पर्सेंट सम्पततियों का फिजिकल वेरिफिकेशन पालिका सचिवों नगर परिषदों के ई ओ और नगर निगमों के जिला पालिका आयुक्तों को करना था । लेकिन यह कार्य सही ढंग से नहीं किया गया। इन अधिकारियों ने इस फिजिकल वेरिफिकेशन का रिकॉर्ड भी उचित ढंग से नहीं रखा, जिससे इस पूरे सर्वे कार्य के सही और प्रमाणिक होने का पता चल पाए। जबकि इसी के आधार पर साइन ऑफ सर्टिफिकेट्स जारी करके याशी कम्पनी को करोड़ों रुपये की पेमेंट कर दी। इसमें अधिकारियों की लापरवाही नजर आती है।

टेंडर एग्रीमेंट अनुसार याशी कम्पनी के प्रॉपर्टी आईडी सर्वे में 5 पर्सेन्ट तक त्रुटियां स्वीकार्य होनी थी ।लेकिन फिजिकल वेरिफिकेशन के उपरांत अधिकारियों द्वारा जारी किए गए साईन ऑफ सर्टिफिकेट्स में 5 पर्सेन्ट की निर्धारित सीमा के अंदर त्रुटियों का बताया जाना उचित प्रतीत नहीं होता। इसी प्रकार शहरी निकाय विभाग का नोटिस मिलने के बावजूद भी याशी कम्पनी जानबूझ कर जरूरी रिकॉर्ड नहीं सौंप रही है । बिना पूरा रिकॉर्ड अपने कब्जे में लिए और सम्बनधित अधिकारियों के ब्यान दर्ज किए बगैर अभी इस मामले में क्रिमिनल पक्ष होने का निष्कर्ष नही निकाला जा सकता। पूरे मामले का खुलासा करने के लिए विस्तृत खुली जाँच शुरू करने की जरूरत है।

# नई सोच नई कहानी - ए रेडियो जर्नी विद स्मृति ईरानी

**केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने लोगों से की मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पर बात**

**आकाशवाणी पर प्रसारित हो रहा है केंद्रीय मंत्री का रेडियो शो**

**कार्यक्रम की 9वीं कड़ी का विषय था विकसित भारत संकल्प यात्रा**







**सिटी 24 न्यूज**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने आकाशवाणी पर प्रसारित हो रहे अपने कार्यक्रम नई सोच नई कहानी- ए रेडियो जर्नी विद स्मृति ईरानी में इस सप्ताह विकसित भारत संकल्प यात्रा पर विस्तार से बात की। साप्ताहिक कार्यक्रम की यह 9वीं कड़ी थी, जिसका शीर्षक था हमारा संकल्प विकसित भारत। इस कड़ी में जहाँ एक ओर विभिन्न राज्यों से आये लोगों ने सरकार की योजनाओं से खुद के लाभानवित होने के अपने अनुभव बताये, वहीं केंद्र सरकार के शीर्ष अधिकारियों ने बताया की किस प्रकार लोग सरकार की विभिन्न सेवाओं से जुड़कर लाभ उठा सकते हैं।

**मंत्रालय के सचिव हुए शामिल :**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि देश के इतिहास में यह पहली बार है कि कोई सरकार लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए उनके घर तक जा रही है। केंद्रीय मंत्री से बातचीत में उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी देश के सभी 2.69 लाख गांवों तक पहुँच रही है।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में अपर सचिव और महाराष्ट्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रभारी नीतीश्वर कुमार ने संविधान के अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद जम्मू-कश्मीर में हो रहे बदलावों पर केंद्रीय मंत्री के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद अन्य राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की तरह जम्मू-कश्मीर में भी केंद्र सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाएं लागू हो रही हैं।

**गाजियाबाद की महापौर ने कहा :**

गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गाजियाबाद नगर निगम में अब तक 36,000 मकान दिए जा चुके हैं। केंद्रीय मंत्री से बातचीत में उन्होंने कहा कि दिल्ली से मेरठ के बीच बन रहे रैपिड रेल में



यात्रियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएँ मिलेंगी।

**और कौन हुए शामिल :**

कार्यक्रम में मेरठ के गांव अमीनगर की निवासी और प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी आशा और बीडीओ ब्रजेश सिंह के अलावा गाजियाबाद के गाँव रसूलपुर ब्लॉक रजापुर की रानी, गाँव मटियाला की निवासी और स्वयं सहायता समूह से जुड़ी सुमन शर्मा, नोएडा की निवासी बबली और सुमेघा शर्मा, ग्रेटर नोएडा की निवासी रीता आनंद और बीबी पामो ने भी केंद्रीय मंत्री के साथ विकास योजनाओं से जुड़ने की अपनी कहानी साझा की।

**कार्यक्रम के बारे में :**

केंद्रीय कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी अपने रेडियो शो 'नई सोच नई कहानी - ए रेडियो जर्नी विद स्मृति ईरानी' में भारत सरकार के सहयोग से जिंदगी में मुकाम हासिल कर लोगों के लिए प्रेरणा बनने वाले लोगों और सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभानवित हुए लोगों से बात करती हैं। इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी पर हर बुधवार सुबह 9 बजे किया जाता है। यह कार्यक्रम आकाशवाणी के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध है।

# हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रैनीवेल परियोजना का दौरा कर किया निरीक्षण

## लोगों को स्वच्छ पेयजल मुहैया करने के लिए सरकार है कृत संकल्प

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने गुरुवार को जिला पलवल के गांव मोहना में रैनीवेल परियोजना का दौरा कर निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ पलवल के विधायक दीपक मंगला, विधायक जगदीश नायर, उपायुक्त नेहा सिंह, बल्लभगढ के एसीपी राजेश दुग्गल, एसडीम बल्लभगढ त्रिलोकचंद, जन स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षण अभियंता एस.के. दहिया, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता हेमंत कुमार, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता ने रैनीवेल परियोजना के बारे में विस्तार से अवगत करवाया और लघु फिल्म भी दिखाई।

उल्लेखनीय है कि जल ही जीवन है और जल के बना जीवन निर्थक है। इसलिए हम सबको जल की एक-एक बूंद का महत्व समझना चाहिए तथा जल संरक्षण की दिशा में सहयोग करने के लिए सदैव आगे आना चाहिए। हर घर जल मिशन के तहत हरियाणा सरकार द्वारा राज्य के ग्रामीण इलाकों को हर घर जल देने का वादा पूरा किया जा रहा है। जिला पलवल के ब्लॉक पृथला व पलवल तथा जिला फरीदाबाद के खंड बल्लबगढ़ के अंतर्गत आने वाले 84 गांवों में साफ व स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए और गिरते हुए भूजल को सुरक्षित रखने के लिए रैनीवेल परियोजना को स्वीकृत किया गया,



जिसके तहत क्रमशः जिला पलवल एवं फरीदाबाद के ब्लॉक पृथला, पलवल एवं बल्लबगढ़ में आने वाले 84 गांवों को फायदा मिला है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अगुवाई में हरियाणा सरकार द्वारा इस योजना को पूरा करने में 184 करोड़ 30 लाख रुपए खर्च किए गए हैं, जिससे जिला फरीदाबाद के ग्राम मोहना-छायंसा में यमुना नदी के तट से पानी को दिल्ली आगरा राजमार्ग, रेलवे कॉसिंग पार कर दूर जिला पलवल एवं फरीदाबाद के ब्लॉक पृथला, पलवल एवं बल्लबगढ़ में लाया गया है। इस दिशा में रैनीवेल योजना के माध्यम से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने जिला पलवल एवं फरीदाबाद के ब्लॉक पृथला, पलवल एवं बल्लबगढ़ के विभिन्न गावों में पीने का पानी देकर लोगों की पेयजल समस्या को खत्म किया है।

इस योजना से वर्ष 2031 में 3 लाख लाख 6 हजार 814 व्यक्तियों को पीने के पानी का लाभ मिलेगा और वर्ष 2046 में 4 लाख 44 हजार 317 व्यक्तियों को पीने के पानी का लाभ मिलेगा। इस योजना में 10 एमएलडी की क्षमता वाले 2 रैनीवेल व 2 मुख्य टैंक का निर्माण किया गया है। एमबीएस मोहना (6100 के.एल. क्षमता) से आगे दूधौला (4500 के.एल. क्षमता) और 7 आईबीएस का निर्माण कराया गया है। हर घर में बेहतर जल संचालन के लिए 62 गावों में भूमिगत टैंक के निर्माण का प्रावधान भी इस योजना में किया गया है। इस परियोजना को व्यवस्थित रूप से करने हेतु पांच चरण में प्लान किया गया है।

पहले चरण में दो रैनीवेल व दो मुख्य टैंक का निर्माण, दूसरे चरण में 23 किलोमीटर मुख्य पाइप लाइन को लगवाना तथा तीसरे चरण में इंटरमिडियेट बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण, चौथे चरण में गांव स्तर पर भूमिगत टैंक का निर्माण और पांचवे चरण में गांव के अंदर वितरण पाइप लाइन लगाना शामिल है। पीने के पानी के अभाव में सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को उठानी पड़ती है। ऐसे में जिला पलवल एवं फरीदाबाद के ब्लॉक पृथला व पलवल और बल्लबगढ़ में रैनीवेल योजना उनकी जिंदगी में काफी राहत लेकर आई है, जिससे अब उन्हें पानी लेने के लिए दूर दराज तक नहीं जाना पड़ेगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर सभी को सुरक्षित स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना, जीवन की गुणवता में सुधार, बेहतर स्वास्थ्य और गांवों में शहरों की तरह सुख-सुविधा देकर पलायन को रोकना है।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लोगों से की अपील अवैध रूप से कटने वाली कॉलोनी में ना खरीदे जगह

## सरकार ने ऐसी जगह की रजिस्ट्री कर रखी है बंद, शिकायत मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** भूमाफियाओं द्वारा गदपुरी टोल प्लाजा के पास अवैध रूप से लगभग 130 एकड़ में की जा रही प्लाटिंग को लेकर 2022 में प्रशासन ने आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया हुआ है लेकिन उसके बावजूद भी वहां पर अवैध रूप से लोगों को जमीन बेची जा रही है। गदपुरी में हो रही प्लाटिंग को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है, सरकार ने अवैध प्लाटिंग और अवैध कॉलोनीयों पर होने वाली रजिस्ट्री पर पूरी तरह से रोक लगा रखी है, उन्होंने लोगों से अपील की की जहां पर ऐसी प्लाटिंग है वहां पर वह जगह ना खरीदें अन्यथा नुकसान सबसे ज्यादा खरीददार का ही होता है। और उनको ऐसी जो भी शिकायत मिलती है उसका गंभीरता से संज्ञान लिया जाता है, और जैसा दोष होता है उसी हिसाब से सजा भी मिलती



है। बहुत बड़ी मात्रा में जो सरकारी विभागों की जमीन थी उसको भी खाली कराया गया है। और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई है। उन्होंने फरीदाबाद के गदपुरी और यामाहा प्लांट को लेकर कहा कि अगर इसमें शिकायत मिलती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बल्लभगढ़ में रहने वाले संत को मिला राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण

## व्यापारियों ने किया संत का स्वागत

**सिटी 24 न्यूज**

**बल्लभगढ़।** मोहना रोड स्थित उदासीन साधु आश्रम के संत वेदांताचार्य स्वामी कामेश्वरा नंद महाराज को भी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जाने का निमंत्रण मिला। निमंत्रण मिलने की खुशी में शहर के व्यापारियों ने गुरुवार को आश्रम में पहुंचकर संत को शॉल उढाकर मिठाई खिलाते हुए खुशी जाहिर की। संत वेदांताचार्य स्वामी कामेश्वरा नंद महाराज को निमंत्रण मिलने की खबर पाकर व्यापारी संगठन मोहना रोड के प्रधान प्रदीप गुप्ता, संगठन के सदस्य कालीचरण गुप्ता, योगेश गर्ग और राजेंद्र दलाल सहित अन्य लोग आश्रम में पहुंचे और संत को मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया। संत वेदांताचार्य स्वामी कामेश्वरा नंद ने बताया कि वह यहां से 19 जनवरी को अयोध्या के लिए रवाना होंगे। प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के बाद 24 जनवरी को वापिस बल्लभगढ़ आएंगे। व्यापारी संगठन मोहना रोड के प्रधान प्रदीप गुप्ता ने कहा कि



मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान 22 जनवरी को मोहना रोड मार्केट में मिठाई बांटी जाएगी। वहीं 24 जनवरी संत वेदांताचार्य स्वामी कामेश्वरा नंद का भी अयोध्या से आने पर जोरदार स्वागत किया जाएगा। स्वामी को निमंत्रण मिलना बल्लभगढ़ वासियों के लिए गर्व और सम्मान की बात है।

# बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया तिगांव क्षेत्र का दौरा

## लोगों से किया आह्वान, 22 जनवरी को मनाएं दीवाली



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** बीजेपी के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने गुरुवार को तिगांव विधानसभा क्षेत्र के इलाके का दौरा कर लोगों से चाय पर चर्चा करते हुए उनसे 22 जनवरी को दिवाली मनाने का आह्वान किया। इसके अलावा उन्हें पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। विपुल गोयल ने लोगों के मध्य जाकर भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और प्रदेश की नीतियों से अवगत करवाया और लोगों से आह्वान किया की आने वाली 22 जनवरी कों पुरा देश दिवाली मनाएगा( जिसमें सभी लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर अपने घरो मे दीपक जला रामलला का स्वागत करें इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने कहा की वर्षो बाद देशवासियो का सपना पूरा होने जा रहा है। जोकि हर भारतवासी के लिए गर्व की बात है। इस मौके पर पूर्व मंत्री विपुल गोयल का गांव में पहुँचने पर गाँवो की सरदारी ने गाजे बाजे के साथ विपुल गोयल का स्वागत किया और फूल मालाओ के साथ- साथ पगड़ी बाँधकर मान सम्मान किया । इस मौके पर विपुल गोयल ने आने वाले चुनावों में कमल का बटन दबाकर फिर से मोदी- मनोहर सरकार बनाने की अपील की जिस पर लोगों ने तालियां बजाकर और दोनों हाथ उठाकर समर्थन देकर फिर से कमल खिलाने का वायदा किया। इस मौके पर विपुल गोयल ने कहा की भारतीय जनता पार्टी सबके विकास और उत्थान के बारे में सोचने वाली पार्टी है।

प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने आगे कहा की ये मोदी- मनोहर युग है जिसमें हर सरकारी योजना कों अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचाना पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का लक्ष्य है जिसे पुरा करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की गयी थी । प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने आज तिगांव विधानसभा के गांव फरीदपुर, बड़ोली, नीमका और तिगांव गांव में दौरे किये। जहाँ महिला शक्ति ने भी विपुल गोयल कों सिर पर हाथ रखकर आने वाले चुनावों के लिए आशीर्वाद दिया। इस मौके पर गिर्राज त्यागी मण्डल अध्यक्ष, सुरजीत अधाना पूर्व जिला पार्षद, रविंद्र, महेन्द्र, हरिचंद, सरदार जेलदार, सुनील सिंह, धर्म सिंह, पृथ्वी, रामपाल, बाबा राधे, बाबा ज्ञानी, बिरपाल, बीरेंद्र, बिजेन्दर, राजबीर सरपंच, भीम सिंह, मित्रपाल, पंडित मुकेश शास्त्री पूर्व चेयरमैन, विजय शर्मा, राज कुमार राज, राकेश इंजीनियर, जवाहर ठाकुर व अन्य सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# रथ यात्रा का निमंत्रण देने चुलकाना धाम से आए पुजारी




**सिटी 24 न्यूज**

**बल्लभगढ़।** हरिद्वार से चुलकाना धाम 200 किलोमीटर की भव्य रथ यात्रा 25 फरवरी से निकाली जाएगी। यात्रा के संबंध में चुलकाना धाम के पुजारी देंवद्र गुरुवार को शहर वासियों को निमंत्रण देने आए। पुजारी देवेंद्र ने बताया कि 25 फरवरी को हरिद्वार से जल लेकर यात्रा बाबा के रथ व निशानों के साथ चलेगी। जोकि 2 मार्च को चुलकाना धाम में समाप्त होगी।

हरिद्वार से लाए गए जल से चुलकाना धाम स्थित खाटू श्याम का अभिषेक किया जाएगा व 2 मार्च को रात को चुलकाना धाम में संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पूरे देश के भजन प्रवाहक अपनी भजनों की प्रस्तुति देंगे। प्रमोद कुमार टिंबडेवाल के सानिध्य में देवेंद्र पुजारी ने अग्रवाल धर्मशाला चावला कॉलोनी बल्लभगढ़ में शहर की सभी श्याम संस्थाओं के लोगों को इकट्ठा करके भव्य रथ यात्रा व संकीर्तन का निमंत्रण पत्र दिए।

# एडीसी आनन्द शर्मा ने की चिन्हित अपराध मामलों की समीक्षा बैठक की

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि चिन्हित अपराधों के केसों की पैरवी पूरी तैयारी से करना सुनिश्चित करें। चिन्हित केसों के चालान न्यायालय में पुख्ता सबूत के साथ पेश करें तथा सबूतों के आभाव में कोई अपराधी न छूटे। एडीसी चिन्हित अपराध मामलों की समीक्षा बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारियो और डीए कार्यालय से आए अधिकारीयों को समीक्षा बैठक में जरूरी दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि चिन्हित केसों के चालान न्यायालय में पुख्ता सबूत के साथ पेश करें। जिससे सबूतों के आभाव में कोई अपराधी क़ानून से बच न पाए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियो और जिला न्यायवादी को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि चिनहित केसों की गवाही सही समय पर न्यायालय में पुख्ता सबूत के साथ सुनिश्चित करवाए। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि जिला फरीदाबाद में चिनहित अपराध के तहत आने वाले मामलों की जांच पुलिस विभाग पूरी गहनता से कर रिपोर्ट तैयार करें। उन्होंने कहा कि चिनहित अपराधों में सुरक्षा समीक्षा, एससी-एसटी एक्ट, पोस्को सहित ऐसे मामलों की जांच संबंधित पूरी प्रक्रिया की रिपोर्ट बारे उपायुक्त कार्यालय को अवश्य अवगत करवाया जाए। वहीं एडीसी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे चिह्नित अपराध में कोर्ट में जाने से पहले अच्छी तरह जांच कर सनसनीखेज मामलों की रिपोर्ट बनाएं और उन पर पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्यवाही बारे



उन्हें अवगत करवाया जाए।

**इन केसों की जांच गहनता से करें:**

एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि पोक्सो एक्ट, 302, 307, 395, 376, 354, 304 बी, एनडीपीएस कमर्शियल, एमटीपी, पीसी एक्ट करप्शन मामले ये सभी चिह्नित अपराध के तहत आते हैं। ऐसे मामलों में गहनता से जांच कर केस अदालत में पेश किया जाये। कोई भी अपराधी कोर्ट में केस की मजबूती न होने के कारण बचकर नहीं निकलना चाहिए। कोर्ट में पेशी से पूर्व साक्ष्यों ओर तथ्यों की मजबूती सुनिश्चित की जाए। किसी मामले में अगर कोई पुलिस का जवान शहीद होता है, तो ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की देरी या कोताही न बरती जाए। एडीसी ने पुलिस को निर्देश दिये कि कोई मामला अगर चिनहित अपराध में आता है, तो उस पर निष्पक्ष रूप से जांच की जाए, जांच के हर पहलु को बारिकी से परखा जाए। उन्होंने सनसनीखेज अपराधों पर भी समीक्षा की और पुलिस विभाग के अधिकारी से कहा कि ऐसे केसों को भी चिनहित अपराध के तहत लिए जाए और मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और केस दर्ज करना सुनिश्चित किया जाए। वहीं चिनहित केसों के ऐसे अपराधी जो न्यायालय के भगौडे हैं। उनको भी पकड कर पेश करना सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में डीसीपी मुख्यालय पूजा वशिष्ठ, एसीपी अभिमन्यु गोयत, जिला अटोर्नी कार्यालय से अधिकारीयों सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# अयोध्या के लिए इंडिगो ने शुरू की नई फ्लाइट सर्विस

**सिटी 24 न्यूज**

इंडिगो द्वारा दिल्ली अयोध्या सर्विस शुरू करने के बाद अब 15 जनवरी से मुंबई से अयोध्या रूट की फ्लाइट शुरू करने की योजना है। एयरलाइन के इस नए रूट को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री जो तेरा आदित्य सिंधिया और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दिखाई। जानकारी के लिए बता दें कि 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले इंडिगो की यह दूसरी फ्लाइट सर्विस है इंडिगो की दिल्ली अयोध्या रूट की सर्विस पहले ही शुरू हो चुकी है वहीं 15 जनवरी से मुंबई अयोध्या रूट की फ्लाइट शुरू करने की योजना है। इंडिगो की अहमदाबाद अयोध्या रूट की फ्लाइट सप्ताह में 3 दिन मंगलवार गुरुवार और शनिवार को उपलब्ध रहेगी।

# मंदिर की खुशी में बांटेंगे 500 किलो लडडू

**सिटी 24 न्यूज**

**बल्लभगढ़।** अयोध्या में करीब 500 साल के बाद भगवान श्रीराम 22 जनवरी को अपने सिंहासन पर विराजेंगे। मंदिर निर्माण की खुशी में बल्लभगढ़ शहर के व्यापारी 500 किलो लडडू बांटेंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा को भी आमंत्रित किया गया है। शहर के घी व्यापारी महेश मित्तल, प्रमोद मित्तल व अमित मंगला ने बताया कि करीब 500 साल के संघर्ष के बाद अयोध्या में 22 जनवरी को निर्माणाधीन श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगी। मंदिर निर्माण की खुशी में बल्लभगढ़ के बाजार में जगह-जगह भगवा झंडे लगाए जाएंगे। शाम को सभी व्यापारी व शहर वासी मिलकर दीये जलाते हुए दीपावली मनाएंगे। देशवासियों का 500 साल का इंतजार अब खत्म हुआ है। सभी व्यापारी कारसेवकों को भी नमन करते हैं। जिन्होंने मंदिर निर्माण के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। श्री राम मंदिर बनने की खुशी में 500 किलो लडडू बांटें जाएंगे। इसके अलावा पूरे बाजार में बैंड बाजे के साथ श्रीराम की झांकी भी निकाली जाएगी। आयोजन के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# हरियाणा संभावनाओं, क्षमताओं और समृद्धि की भूमि : मनोहर लाल

### वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल- 2024 में सीएम ने उद्यमियों को हरियाणा में निवेश पर विचार करने के लिए आमंत्रित किया

### सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नए संघ, हरियाणा-अफ्रीका संबंध की स्थापना का प्रस्ताव रखा




**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़, 11 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने हरियाणा को संभावनाओं, क्षमताओं और समृद्धि की भूमि बताते हुए उद्यमियों को राज्य में निवेश पर विचार करने का निमंत्रण दिया। मनोहर लाल आज गुजरात के गांधीनगर में चल रहे 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के दौरान इंडो-अफ्रीकन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री सेमिनार में बोल रहे थे।

हरियाणा के लोगों की ओर से दुनियाभर के उद्यमियों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य अपनी रणनीतिक नीतियों और राष्ट्रीय राजधानी से निकटता के कारण वैश्विक निवेश को आकर्षित कर रहा है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक परिवर्तन में, प्रतिभा महत्व पूंजी से आगे निकल जाएगा, जिससे उच्च कौशल, अस्थायी रोजगार की ओर बदलाव आएगा। उन्होंने नौकरी चाहने वालों से नौकरी देने वालों में बदलाव की कल्पना करते हुए मानव पूंजी विकास और आर्थिक विकास में समानांतर निवेश की आवश्यकता पर बल दिया।

सेमिनार के दौरान मुख्यमंत्री ने सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नए संघ, 'हरियाणा-अफ्रीका टाईज़' की स्थापना का प्रस्ताव रखा। उन्होंने युवाओं के लिए रोजगार के एक महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में पारंपरिक विनिर्माण के महत्व पर भी प्रकाश डाला और उभरते हुए रोजगार की मांगों को पूरा करने के लिए शिक्षा और कौशल विकास नीतियों में तेजी से बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया इस समय नई प्रौद्योगिकियों और डिजिटल इंटरफेस से प्रेरित होकर परिवर्तन के चौराहे पर है। उन्होंने इस परिवर्तन की दोहरी प्रकृति को स्वीकार किया, जिससे अवसर और चुनौतियाँ दोनों सामने आईं। विकास और प्रगति में लोगों और मानवीय मूल्यों की केंद्रीयता पर जोर देते हुए उन्होंने अफ्रीका और हरियाणा जैसे राज्यों की अर्थव्यवस्थाओं पर दूरगामी प्रभाव पैदा करने के लिए प्रभावशाली पारस्परिक सहभागिता का आह्वान किया।

मनोहर लाल ने शिक्षा और कौशल विकास दृष्टिकोण में बदलाव की तात्कालिकता को दोहराया। युवा गतिशील भविष्य के लिए तैयार रहें। 'हरियाणा-अफ्रीका टाईज' एसोसिएशन का उद्देश्य आपसी विकास के सहयोग को बढ़ावा देना और एक मंच तैयार करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा संभावानाओं वाला प्रदेश है सिक्ल मैन पावर तैयार करने के लिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, हरियाणा शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य हमारे युवाओं को प्रासंगिक तकनीकी और व्यावसायिक कौशल प्रदान करना और उन्हें रोजगार के योग्य बनाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि तकनीकी क्षेत्र में जिस तेजी से बदलाव आ रहे हैं, कम से कम उन्हें उसी गति से पाठ्यक्रमों में जगह मिल सके। इस औद्योगिक क्रांति में पूंजी से ज्यादा महत्व उच्च कौशल वाली प्रतिभा का होगा, इसलिए हमें आर्थिक विकास की तरह मानव पूंजी के विकास पर भी समान रूप से ध्यान केंद्रित करने और निवेश करने की आवश्यकता है। नए अवसरों का उचित उपयोग ही नौकरी चाहने वालों को नौकरी निर्माता भी बना सकता है। उन्होंने कहा कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का उत्थान ही वर्तमान सरकार का मुख्य ध्येय है। डिजिटल युग में सामाजिक सुरक्षा लाभों की पोर्टेबिलिटी कुशल और रोजगार योग्य श्रमिकों की गतिशीलता सुनिश्चित करेगी। नागरिकों के लिए योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा में पीपीपी आईडी बनाई है जिससे आज प्रदेश के लोगों को घर बैठे सरकारी योजनाओं का लाभ सुलभ हुआ है। उन्होंने कहा कि व्यवसाय या आर्थिक पहलुओं के साथ-साथ मानवीय तत्व पर भी विचार करना है।

# कांग्रेस ने जनता को सदा धोखा दिया और भाजपा ने किया प्रदेश का गारंटी से विकास : नायब सैनी

### गरीबों को घर बैठे योजनाओं का लाभ देना मोदी-मनोहर सरकार का विजन: नायब सैनी

### रादौर और लाड़वा में बोलते हुए नायब सैनी ने कांग्रेस को बताया जनता को गुमराह करने वाली पार्टी



**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** रादौर विधानसभा के गांव झिवेरहेरी और लाड़वा विधानसभा के गांव उमरी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने उमड़ी ग्रामीणों की भीड़ के सामने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं गिनाई और सभी से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की। नायब सैनी ने झिवेरहेरी और उसके बाद उमरी में अपने संबोधन में कांग्रेस को भी निशाने पर रखा। झिवेरहेरी में बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदा जनता को धोखा दिया है और भारतीय जनता पार्टी गारंटी के साथ प्रदेश का विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि आज मोदी की गारंटी की गाड़ी लोगों के द्वार तक पहुंच रही है और सरकार की योजनाओं का लाभ हरेक पात्र व्यक्ति को दिया जा रहा है। श्री सैनी ने कहा कि गरीबों को घर बैठे योजनाओं का लाभ देना ही मोदी-मनोहर सरकार का विजन है।

गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी सबसे पहले यमुनानगर जिले की रादौर विधानसभा के गांव झिवेरहेरी में पहुंचे जहां उनका जबरदस्त स्वागत हुआ। प्रदेश अध्यक्ष ने यहां पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ देने के लिए लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और उन्होंने ड्रोन टैक्नोलॉजी का खेती में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। यहां बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदा वोटों की राजनीति की और कांग्रेस सरकारों ने कभी गरीबों की सुध नहीं ली, लेकिन भाजपा ने पिछले लगभग दस सालों में एक-एक व्यक्ति की चिंता की और आज मोदी-मनोहर सरकार की गरीब कल्याण की सोच के कारण ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से विकास की गारंटी की गाड़ी लोगों तक पहुंच रही है।

नायब सैनी ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार ने अनेकों योजनाएं लागू की हैं जिनसे गरीबों को लाभ मिल रहा है। गरीब परिवार मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं के जरिए समाज की मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान और चिरायु योजना ने गरीबों को बीमारी के समय चिंता से मुक्त किया है। अब गरीब व्यक्ति 5 लाख रुपये तक का इलाज फ्री में करा रहे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस व विपक्ष के नेता जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि जनता जानती है कि इन दस सालों में मोदी-मनोहर की सरकार में देश और प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया है। आज हर घर में नल से जल पहुंच रहा है। आयुष्मान योजना के जरिए महिलाओं को धूआं से मुक्ति मिली है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री बनने से पहले 24 घंटा बिजली देने की घोषणा करते थे और उनकी सरकार 10 साल रही। लेकिन श्री हुड्डा लोगों की जरूरत के हिसाब से भी बिजली नहीं दे पाए। श्री सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मेरा गांव जगमग गांव योजना के तहत 24 घंटा बिजली देने का काम करके दिखा दिया है।

पूर्व सीएम हुड्डा के पोर्टल बंद करने के बयान पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनता जानती है कि पोर्टल के जरिए से ही बिना भेदभाव सभी योजनाओं का लाभ घर बैठे लोगों को मिल रहा है, लेकिन हुड्डा साहब से जनता का यह सुख देखा नहीं जा रहा है और भूपेंद्र हुड्डा के पोर्टल बंद करने की मंशा से भ्रष्टाचार की बू आ रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता को दफ्तरों के चक्कर काटने से मुक्ति मनोहर सरकार में ही मिली है। उन्होंने कहा कि आज बिना खर्ची-पर्ची के प्रदेश का गरीब युवा भी योग्यता के आधार पर नौकरी लग रहा है।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री कर्णदेव काम्बोज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार ने गरीब हितैषी योजनाएं चलाकर गरीबों के जीवन को सरल किया है। केंद्र व हरियाणा सरकार बिना किसी भेदभाव के अंत्योदय के लिए कार्य कर रही है। अब किसी भी व्यक्ति को सरकार की योजना का लाभ लेने के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचने पर नायब सैनी का भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के अलावा सरपंच एसोसिएशन व होमगार्ड एसोसिएशन ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ईश्वर पलाका, विपिन काम्बोज, संदीप राणा, संजीव, डॉ. नरेश सारन , भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, एसडीएम रादौर चंद्रकांत कटारिया, सरपंच निशा, डॉ. ऋषिपाल सैनी, सरपंच एसोसिएशन के प्रधान पम्मी, गुरनाम सैनी मंगोली, नरेन्द्र राणा सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**हर व्यक्ति भारत को विकसित बनाने में दें अपना योगदान: नायब सैनी**

कुरुक्षेत्र जिले की लाडवा विधानसभा के गांव उमरी में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं स्थानीय सांसद नायब सैनी ने उपस्थित सभी लोगों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई। श्री सैनी ने यहां कहा कि हर व्यक्ति को भारत को विकसित बनाने में अपनी भूमिका तय करनी चाहिए। उन्होंन कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए समाज के अंतिम व्यक्ति के योगदान की जरुरत है। यह तभी संभव हो पाएगा, जब समाज का अंतिम व्यक्ति सक्षम होगा।

हरियाणा भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कोई भी गरीब व्यक्ति योजनाओं से वंचित ना रहे इसके लिए योजनाओं का लाभ उठा चुके लोगों को भी सरकार की योजनाओं का प्रचार करना चाहिए। वहीं पूर्व विधायक डा. पवन सैनी ने कहा कि सरकार ने नागरिकों को उनके द्वार पर ही सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई हुई है। उन्होंने कहा कि इस दौरान लगने वाले कैंप में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ लेना चाहिए।

इससे पहले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी ने गांव उमरी के लाभार्थियों रोशनी देवी, सोनिया, अंजू, नसीमा खान, परमजीत कौर, प्रकाशो देवी, गीतू, शीतल रानी, सुशीला, चंपा देवी को गैस चुल्हे वितरित किए और राजबीर व दयालों देवी को मौके पर ही पैंशन का लाभ दिया। प्रदेशाध्यक्ष ने कार्यक्रम के दौरान राष्टड्ढ्रीय स्तर पर कुश्ती में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी राकेश, अमित छाबड़ा, रजत, रीटा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष हरप्रीत कौर, मोहन लाल, हरमेश सैनी, बंसत उमरी, देवीदत, कृष्ण लाल, बाबूराम, ईश्म सिंह, अमीन सरपंच गौरव, जितेंद्र आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# राम मंदिर का विरोध करने वाली कांग्रेस को सबक सिखाएगी जनता : बिप्लब कुमार देब

### गांव चमारिया नसीरपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा में बोले बिप्लब देब : सरकार ने गरीब, पिछड़े व कमजोर को दिए उनके अधिकार

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा के प्रदेश प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान रोहतक में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि राम मंदिर का विरोध करने वाली कांग्रेस व उसके सहयोगियों को देश की जनता सबक सिखाएगी। उन्होंने सरकार की योजनाएं गिनाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने समाज के गरीब, पिछड़े व कमजोर वर्ग के लोगों को उनके अधिकार दिलाने का काम किया है। मौजूदा सरकार पूर्ण रूप से गरीबों को समर्पित सरकार है।

बिप्लब कुमार देब गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के रोहतक के गांव चमारिया में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब, पिछड़े व कमजोर वर्ग के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए जनकल्याणकारी नीतियों को गांव व वार्ड स्तर पर पात्र लोगों के घर द्वार तक पहुंचा दिया है ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति व परिवार सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रह सके। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा ही जात-पात से ऊपर उठकर महिला सशक्तिकरण, किसान उत्थान, नौजवानों को रोजगार व गरीबों को सबल बनाने की राजनीति की है। जबकि इसके विपरीत कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए सदैव हुई जात-पात के आधार पर समाज को बांटने व परिवारवाद की राजनीति को बढ़ावा दिया है।

बिप्लब कुमार देब ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी केवल विकास की राजनीति करते हैं और यही कारण है कि मोदी आज सबके दिलों में बसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में वर्षों से चली आ रही कठिन से कठिन समस्याओं का समाधान किया है और आम आदमी के जीवन को सरल बनाया गया है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के चलते ही ब्रिटिश काल के नियमों व कानून को मौजूदा सरकार ने समाप्त किया है। पहले विद्यार्थियों को अपनी स्वयं की शैक्षिक डिग्रियों को श्रेणी 2 के अधिकारियों से सत्यापित करवाना पड़ता था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस व्यवस्था को समाप्त किया और विद्यार्थी अपनी शैक्षिक डिग्रियों को अब स्वयं सत्यापित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यवस्था का डिजिटाइजेशन किया है, जिस व्यवस्था में पूर्ण पारदर्शिता आई है।



बिप्लब कुमार देब ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें राजनीति में हिस्सा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया है। केंद्र सरकार की योजना के तहत महिलाओं को प्रशिक्षण देकर ड्रोन दीदी बनाया जा रहा है। बिप्लब कुमार देब ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से देश की जनता का सैकड़ों वर्ष पूर्व राम मंदिर बनने का सपना 22 जनवरी को साकार होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने राम मंदिर कार्यक्रम का निमंत्रण ठुकराकर देश के सामने अपनी विचारधारा को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि इसका खामियाजा कांग्रेस को आगामी चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

हरियाणा के पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर की प्रशंसा करते हुए त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने कहा कि मनीष कुमार ग्रोवर के प्रयासों से ही रोहतक में एलिवेटेड रोड व एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का निर्माण हुआ है और यही वजह है कि वह रोहतक से गांव चमारिया चंद मिनट में पहुंच गए। बिप्लब कुमार देब ने अन्य नेताओं के साथ जनता के बीच बैठकर देश व प्रदेश की प्रगति को दर्शाती हुई फिल्म को भी देखा।

सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि रोहतक अब सीधा रेलवे लाइन के माध्यम से अयोध्या से जुड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा। रोहतक के लोग ट्रेन के माध्यम से अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या राम मंदिर के रूप में देश की जनता का वर्षों पुराना सपना साकार होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर एक उस कार्य को संभव करके दिखाया है, जिसे कांग्रेस सत्ता में रहते हुए असंभव बताकर देश की जनता को गुमराह करने का काम करती थी। उन्होंने कहा कि धारा 370 व 35ए को समाप्त करने में गांव चमारिया की भी भूमिका है। उन्होंने कहा कि अगर गांव चमारिया के मतदाता उन्हें सांसद नहीं बनाते तो वे धारा 370 व 35ए को समाप्त करने के पक्ष में वोट नहीं डाल पाते।

हरियाणा के पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, प्रदेश सचिव रेनू डाबला, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, डॉ दिनेश घिलौड़ ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर युवा भाजपा नेता संचित नांदल, यात्रा के संयोजक पार्षद सुरेश किराड़, चेयरमैन बलवान, ज्योत्सना रोहिल्ला, सरपंच सुमन, सरपंच प्रतिनिधि स्वराज हुड्डा, नरेंद्र खट्टर, नरेंद्र वत्स, चेयरमैन सुनील उर्फ भोलू, शमशेर कलिंगा, सतीश ठेकेदार, राजकुमार सुनारिया, सतीश मलिक, धर्मपाल उर्फ काला चेयरमैन, जय भगवान, वजीर खोखर, राजीव भांकर, सोनू दलाल, प्रशांत रांगी, राजाराम सरपंच व प्रेम हुड्डा आदि मौजूद थे।

# प्रदेश में मनचलों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान

### महिलाओं के साथ छेड़छाड़ वाले क्षेत्रों में साधारण वेशभूषा में हरियाणा पुलिस रख रही है मनचलो पर नजर

### महिला सुरक्षा को लेकर ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की भी की गई शुरुआत, महिलाएं खुद को पंजीकृत करते हुए उठा सकती हैं इसका लाभ

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़ 11 जनवरी।** हरियाणा पुलिस द्वारा महिलाओं में सुरक्षा की भावना को बल देने के लिए अलग-अलग स्थानों पर अभियान चलाते हुए मनचले लोगों को सबक सिखाया जा रहा है। इस अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में छेड़छाड़ वाले हॉटस्पॉट क्षेत्रों में तैनात रहती है और मनचलो के खिलाफ कार्रवाई करती है।

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर के दिशा निर्देशानुसार तथा मार्गदर्शन में महिला विरुद्ध अपराधों को नियंत्रित करने के लिए प्रदेश भर में यह अभियान चलाया गया है, जिसके तहत प्रत्येक जिला में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ वाले क्षेत्रों को सूचीबद्ध करते हुए वहां पुलिस की टीमें तैनात की गई है। ये टीमें सिविल ड्रेस में हॉटस्पॉट क्षेत्रो पर तैनात रहती है और असामाजिक तत्वों द्वारा महिलाओं पर किसी भी प्रकार की अभद्र टिप्पणी करने वालों को सबक सिखाती है। महिला पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रो जैसे-स्कूलों, कॉलेजो, शिक्षण संस्थाओं, बस स्टैंड, कॉरपोरेट सेक्टर के बाहर, बाजारों आदि में तैनात रहती है और महिलाओं तथा लड़कियों पर फबतियां कसने, छेड़छाड़ और बदतमीजी जैसी हरकतें करने वाले लोगो पर कार्रवाई की जाती है। इस दौरान युवकों से पूछताछ करते हुए उन्हें चेतावनी दी जाती है । इसके अलावा, उनके माता-पिता से संपर्क कर उनके बच्चों के बारे में सूचना दी जाती है ताकि वे भविष्य में ऐसा ना करें।

श्री कपूर ने बताया कि प्रदेश में महिला सुरक्षा हमारी प्राथमिकताओं में से एक है। महिलाओं में सुरक्षा की भावना को बल देने के लिए गुरुग्राम जिला में स्वयंसेवी संस्था के विशेषज्ञों द्वारा प्रदेश भर में तैनात महिला पुलिसकर्मियों की टीमों को प्रशिक्षित किया गया है। इस दौरान टीमों को विशेष रूप से महिला विरुद्ध अपराध रोकने तथा महिलाओं से संपर्क कर उनसे फीडबैक लेने संबंधी सकिलस विकसित करने को लेकर प्रशिक्षित किया गया है।

इसके अलावा, प्रदेश में महिला सुरक्षा को लेकर ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की भी शुरुआत की गई है। अकेले में सफर करने वाली महिलाएं हरियाणा 112 पर खुद को पंजीकृत करते हुए हरियाणा पुलिस द्वारा शुरू की गई इस सेवा का लाभ उठा सकती हैं। खुद को पंजीकृत करने के बाद महिलाएं अपने सफ़र को सुरक्षित बना सकती है। सफर के दौरान हरियाणा पुलिस की टीम द्वारा महिला को तब तक ट्रैक किया जाता रहेगा जब तक महिला अपने गंतव्य तक सुरक्षित नहीं पहुंच जाती। उन्होंने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने आप को पंजीकृत करते हुए इसका लाभ उठाएं।

# किसान के लिए घाटे का सौदा बना यूरिया बैग का घटा वजन: कुमारी सैलजा

### खाद के कट्टे का वजन घटाते-घटाते 50 से 40 किलोग्राम पर ले आई भाजपा सरकार

### 2022 तक किसान की आमदनी दोगुनी करने का दावे करने वालों ने खर्चे कर दिए दोगुने

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि साल 2022 तक किसान की आमदनी दोगुनी करने का वादा करने वाली भाजपा की केंद्र सरकार ने आमदनी की बजाए फसल तैयार करने में होने वाले खर्चों को दोगुना कर दिया है। यूरिया के कट्टे का वजन घटाते-घटाते 50 से 40 किलोग्राम पर ले आए हैं। यूरिया बैग का घटा वजन किसान के लिए घाटे का सौदा बन गया है। इससे फसल पर आने वाली लागत में बढ़ोतरी से कोई नहीं रोक सकता।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि यूरिया के बैग का वजन 40 किलोग्राम करना भाजपा की केंद्र सरकार का सरासर किसान विरोधी कदम है। अन्नदाता का किसी न किसी बहाने उत्पीड़न करने में इन्हें आनंद आता है। इसलिए पहले यूरिया के 50 किलोग्राम वाले बैग का वजन घटाकर 45 किलोग्राम किया गया और अब उसी बैग को 5 किलोग्राम और घटाते हुए 40 किलोग्राम पर ले आए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहले 250 रुपये में 50 किलोग्राम यूरिया बैग मिलता था। जिसमें 46 प्रतिशत नाइट्रोजन मिलती थी। यानी, एक बैग में 23 किलोग्राम नाइट्रोजन होती थी। अब 250 रुपये में 40 किलोग्राम यूरिया मिलेगा और इसमें 37 प्रतिशत नाइट्रोजन होगी। मतलब, अब एक बैग में 15 किलोग्राम ही नाइट्रोजन मिल सकेगी। कुमारी सैलजा ने कहा कि खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार गेहूं, धान और मक्का आदि फसलों की एक टन पैदावार के लिए 75 किलोग्राम नाइट्रोजन की जरूरत पड़ती है। लेकिन, मात्रा घटाए जाने के कारण अब किसानों को 5 बैग यूरिया डालना पड़ेगा। इससे सल्फर भी खेतों में अधिक डल जाएगा और इससे फायदा की बजाए फसलों में नुकसान की संभावना ज्यादा बन जाएंगी। उन्होंने कहा कि इतना सब होने के बावजूद प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार मूकदर्शक बनी हुई है, जबकि प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से किसानों के विरोध भरे स्वर आने शुरू हो गए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा सत्ता हासिल करने के लिए लोगों से झूठे वादे करती है। सत्ता में आने के बाद अपने वादों के विपरीत कार्य करती है। इसलिए आमदनी बढ़ाने की बजाए फसलों की लागत को बढ़ाने की हर संभव कोशिश भाजपा की केंद्र सरकार करती है। किसानों को आर्थिक तौर पर सक्षम बनाने की बजाए उन्हें लूटने के नए-नए तरीके ईजाद किए जाते हैं। अपने इस उत्पीड़न को किसान बखूबी समझ चुके हैं और अब किसान विरोधी भाजपा को सत्ता से बेखदल करने के लिए पूरी तरह से कमर कस चुके हैं।



## संपादकीय

### खत्म हुआ सस्पेंस

महाराष्ट्र में स्पीकर राहुल नार्वेकर ने बुधवार को विधायकों की अयोग्यता से जुड़े मामले में अपना फैसला दे दिया। राजनीतिक रूप से मामला संवेदनशील था। इसलिए विधानसभा के सेंट्रल हॉल में सुनाए गए फैसले का सीधा प्रसारण किया गया। इससे इस निर्णय के तार्किक आधारों को लोगों तक पहुंचाने में थोड़ी मदद भले ही मिली हो, लेकिन शिवसेना (उद्धव गुट) ने अस्वीकार करते हुए इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की घोषणा करने में देर नहीं की।

**राज्य सरकार पर असर :** स्पीकर के फैसले का पहला नतीजा यह हुआ कि महाराष्ट्र के शिंदे मंत्रिमंडल के भविष्य को लेकर चल रही तमाम अटकलों पर विराम लग गया। स्पीकर ने कहा कि शिंदे की अगुआई वाली पार्टी ही असली शिवसेना है। लिहाजा व्हिप के उल्लंघन, शिंदे और अन्य विधायकों की अयोग्यता से जुड़ी मांग भी खारिज हो गई। ऐसे में शिंदे के मुख्यमंत्रित्व को लेकर उठ रहे सवाल भी कम से कम फिलहाल के लिए समाप्त हो गए।

**विवाद जारी रहेगा :** मगर शिवसेना में विभाजन से जुड़े इस राजनीतिक विवाद का निपटना अभी बाकी है। इसका पहला सबूत तो उसी समय मिल गया था, जब फैसला आने से पहले ही शिवसेना (उद्धव गुट) यह कहते हुए सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई कि स्पीकर का मुख्यमंत्री से मिलना बताता है कि उनका फैसला निष्पक्ष नहीं होगा। फैसला आने के बाद भी इसे चुनौती देने की बात दोहराई गई। इससे स्पष्ट हो गया कि इस मामले पर परदा नहीं गिरा है और आगे सुप्रीम कोर्ट में दलीलें रखी जा सकती हैं।

**जनता की अदालत :** चूंकि लोकसभा चुनावों के साथ ही महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव भी इसी साल होने हैं, इसलिए इन तमाम वाद-विवाद की तार्किक परिणति आम जनता की अदालत में लोगों के वोट से ही होनी है। शिवसेना में विभाजन के बाद कौन सा धड़ा असली है, यह वास्तव में एक राजनीतिक सवाल है। इसलिए इसका निपटारा लोगों की अदालत में ही हो सकता है। जाहिर है, वही पार्टी असली मानी जाएगी जिसे महाराष्ट्र की जनता असली पार्टी मानेगी। यह बात चुनावों में वोटिंग मशीन के जरिए ही सामने आएगी।

**NCP का मसला :** शिवसेना के बाद NCP भी विभाजन से गुजरी और उसका भी एक धड़ा अलग होकर मौजूदा सरकार का हिस्सा बना। वहां भी शरद पवार की अगुआई वाला हिस्सा खुद को मूल पार्टी बताते हुए इन विधायकों की अयोग्यता का सवाल उठा रहा है। जाहिर है, पक्ष-विपक्ष में सुनाए जाने वाले फैसले के बाद वह मामला भी आखिरी तौर पर चुनाव नतीजों से ही निपटेगा।

**नजरें चुनाव पर :** ऐसे में स्वाभाविक ही सबकी नजरें इस बात पर जमी हैं कि महाराष्ट्र में तमाम राजनीतिक धड़े चुनावी तैयारियों को कितने असरदार ढंग से अंजाम दे पा रहे हैं।

# गोहाना को स्वच्छ सिटी अवार्ड से किया गया सुशोभित

**सिटी 24 न्यूज/प्रीति सिंघल**

**गोहाना।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के अंतर्गत गोहाना को स्वच्छ सिटी अवार्ड से सुशोभित किया गया है। नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में स्थापित भारत मंडप में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण सम्मान समारोह में नगर परिषद गोहाना की चेयरपर्सन रजनी विरमानी और निगमायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने समारोह में शामिल होते हुए पुरस्कार ग्रहण किया। इस उपलब्धि के लिए उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने बधाई देते हुए स्वच्छता को कायम रखने के लिए प्रोत्साहित किया।



नगर निगम के आयुक्त विश्राम मीणा ने बताया कि भारत सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण करवाया, जिसमें एक लाख की जनसंख्या वाले गोहाना को स्वच्छ सिटी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स के तत्वावधान में आज प्रगति मैदान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। सोनीपत जिले के गोहाना शहर को भी पुरस्कृत किया गया जो जिलावासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि एकजुट प्रयासों से ही सफलता मिलती है। गोहाना में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई, जिसके सकारात्मक परिणाम मिले हैं।

उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा कि हमें इस प्रकार के आयोजनों में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। यह एक पंथ दो काज वाली स्थिति है। जहां हमें स्वच्छ वातावरण मिलेगा वहीं पुरस्कार भी दिया जाता है। स्वच्छ वातावरण स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी होता है। खुले में शौच व जगह-जगह कूड़ा फैलने से बिमारियां पनपती हैं। इस पर पूर्ण विराम लगाया गया। अधिकारियों-कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ आम जनमानस के सहयोग से स्वच्छता को मजबूती दी गई। हमें मिल-जुलकर सफाई व्यवस्था को बनाये रखना होगा। सफाई को जीवन का अभिन्न अंग बनाना होगा। स्वच्छ सिटी अवार्ड से एक नये उत्साह का संचार होगा, जिससे अन्य क्षेत्रों के वासियों को भी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

इस दौरान नगर परिषद गोहाना की चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने हर्षित स्वर में कहा कि नि:संदेह यह पुरस्कार उत्साहवर्द्धक है। गोहाना को स्वच्छ बनाने में सबने उल्लेखनीय योगदान दिया। वैसे भी हमारी सबकी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने घर की तरह शहर को भी साफ रखें। सबके प्रयासों से ही सफलता मिलती है। इसके लिए सभी गोहानावासी बधाई के पात्र हैं।

# गांव करमन की सरपंच के घर पर एनआईए की छापेमारी

## महिला सरपंच के पति को अपने साथ देहली ले गई एनआईए की टीम

**एनआईए टीम ने घर से एक पिस्टल बरामद की जेवर कुछ कागजात भी बरामद कर अपने साथ ले गई**

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** सरपंच के घर पर एनआईए की छापेमारी कौशल गैंग से जुड़े गैंगस्टर और उनके गुर्गों पर शिकंजा कसने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने बृहस्पतिवार को गांव करमन में छापेमारी की। एनआईए की टीम ने गांव करमन की महिला सरपंच के घर पर सुबह पांच से लेकर दोपहर डेढ़ बजे तक छापेमारी की। करीब साढ़े आठ घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान एनआईए के अधिकारियों ने परिजनों से पूछताछ की और मकान को खंगाला। इसके बाद टीम महिला सरपंच के पति को अपने साथ ले गई। टीम ने मकान से पिस्टल समेत कुछ अन्य सामान भी अपनी साथ ले गई। जानकारी के अनुसार, करमन गांव की सरपंच सरोज के पति सुनील के भाई अनिल के संबंध कुख्यात कौशल गैंग के सदस्य नीरज फरीदपुरिया से बताए गए हैं। इसी को लेकर यह छापेमारी हुई। कौशल गैंग गुरुग्राम, फरीदाबाद के अलावा एनसीआर में वारदात करता है। कौशल गैंग जबरन वसूली, सुपारी लेकर हत्या करने, प्लाट व जमीनों पर कब्जा करने समेत अन्य आपराधिक वारदातों को अंजाम देता है।

**सुबह करीब पांच बजे पहुंची टीम**

बृहस्पतिवार सुबह करीब पांच बजे गांव करमन की सरपंच सरोज




के घर एनआईए की छह सदस्य टीम छापेमारी के लिए पहुंची। छापेमारी की सूचना से पूरे गांव में सनसनी फ़ैल गई। एनआईए टीम में डीएसपी और इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी शामिल थे। टीम को मौके पर अनिल नहीं मिला। दोपहर डेढ़ बजे तक चली इस छापेमारी में एनआईए की टीम ने सरपंच समेत अन्य स्वजन से गहनता से पूछताछ की। इसके बाद टीम सरपंच पति सुनील को अपने साथ दिल्ली ले गई। इस दौरान घर से एक पिस्टल भी बरामद की गई। पूछने पर टीम के अधिकारियों ने कार्रवाई के बारे में कुछ नहीं बताया।

**सूचना मिलते ही लगी भीड़**

छापेमारी की सूचना मिलते ही सरपंच के घर के बाहर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित होने लगी। सुरक्षा की दृष्टि से सरपंच के घर के बाहर बड़ी संख्या में स्थानीय होडल थाना पुलिस को तैनात किया गया था। इस दौरान किसी को भी सरपंच के घर के अंदर और घर से बाहर जाने की इजाजत नहीं थी।

होडल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के अनुसार सुबह करीब पांच बजे यह छापेमारी हुई है। छापेमारी की यह कार्रवाई करीब साढ़े आठ घंटे तक चली। टीम महिला सरपंच के पति सुनील को अपने साथ ले गई है। पिस्टल समेत कुछ अन्य सामान भी टीम ने अपने कब्जे में लिया है।

# 2 गांवों में सामूहिक वैदिक यज्ञ आयोजित



**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** गांव स्यारोली व मिंडकौला में महर्षि दयानंद की 200 वीं जयंती के उपलक्ष में मंदिर पर सामूहिक वैदिक यज्ञ किया गया। जिसके ब्रह्मा डॉक्टर युद्धवीर आर्य रहे। इस यज्ञ में ललित आर्य योग प्रचारक गांव के अन्य गणमान्य व्यक्ति माता बहने और काफी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। डॉक्टर युद्धवीर आर्य के द्वारा बताया गया कि हमें अपनी वैदिक परंपराओं को आगे बढ़ाना है। जिससे कि हमारे बच्चों के संस्कार अच्छे बने और हम उन्हें अपने वैभव को प्राप्त करें। वैदिक शिक्षा ही एकमात्र उपाय है इस मानव जाति को बचाने का। इस अवसर पर बच्चों को बताया गया कि माता-पिता ही हमारे साक्षात देव हैं। इन्हीं का हमें कहना मानना व इनका आदर सत्कार करना व सेवा करना सब परम कर्तव्य है।

# पलवल में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की

## धर्म पबलिक स्कूल के यूपीएससी की परीक्षा पास करने वाले दो छात्रों को सम्मानित भी किया

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** पलवल के धर्म पबलिक स्कूल में आयोजित वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शिरकत की इस अवसर पर उनके साथ पलवल विधायक दीपक मंगला होडल से विधायक जगदीश नायर और हथीन विधायक परवीन डागर मौजूद रहे वही कार्यक्रम में पहुंचने पर हरियाणा के राज्यपाल का स्कूल प्रबंधन ने शॉल पहन कर और स्मृति चिन्ह देकर जोरदार स्वागत किया।दिखाई दे रहा यह नजारा पलवल के धर्म पबलिक स्कूल का है जहां पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और पलवल जिले के तीनों विधायक और जिला




उपयुक्त और एसपी पलवल विशेष रूप से मौजूद रही। वहीं राज्यपाल के सामने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया। वही स्कूल के बच्चों ने मुख्य अतिथि का हिंदू रीति रिवाज से हरियाणा के राज्यपाल का टीका लगाकर स्वागत किया। स्कूल के डायरेक्टर पवन अग्रवाल ने राज्यपाल का स्कूल में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। वही हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल की शिक्षा नीति की जमकर सरहाना की और कहा कि हरियाणा में अब शिक्षा का स्तर काफी उच्च स्तर पर है बच्चे अपने प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। वहीं उन्होंने बच्चों को शिक्षा और चरित्र के बारे में विशेष चर्चा भी की और कहा कि शिक्षा ही जीवन का सबसे बड़ा विकल्प है।जो गरीबी दूर कर सकता है वहीं चरित्र भी जीवन का सबसे बड़ा रहना है। और हर व्यक्ति को अपने चरित्र को साफ रखना चाहिए वहीं उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा पास करने वाले दो छात्रों को सम्मानित भी किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की

# पुलिस ने ब्लाईंड मर्डर की गुत्थी सुलझाई, एक गिरफ्तार, भाई ही निकला भाई का हत्यारा

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** निरीक्षक चन्द्रभान प्रबंधक थाना सदर नूंह के नेतृत्व में गठित टीम ने 2 जनवरी को गांव सलम्बा में हुई नाबालिक बच्चे की हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए हत्या के आरोपी नाबालिक बच्चे के भाई शाहरुख खान निवासी सलम्बा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं। गला दबाकर हत्या करने में प्रयुक्त की गई पलास्टिक रस्सी व हत्या करने वाले दिन आरोपी द्वारा पहनी हुई पैंट/कमीज को भी पुलिस टीम ने बरामद कर लिया हैं। आरोपी शाहरुख खान को आज अदालत में पेशकर जेल भेजा गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बतलाया कि 1 जनवरी को सुबह करीब 08/09 बजे मृतक शमशाद पुत्र जानू निवासी सलम्बा घर से बिना बताएं कही चला गया था। जिसकी लाश 2 जनवरी को सुबह करीब 8/9 बजे मजीद पुत्र जुमे खां के सरसों के खेत में मिली थी। जिसके गले में रस्सी/तार के निशान पाये गए। जिसकी सुचना पाकर उच्चाधिकारी व प्रबंधक थाना सदर नूंह निरीक्षक चन्द्रभान द्वारा मौका पर पहुंचकर शीन ऑफ क्राईम की टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया। मृत्क बच्चे के पिता जानू पुत्र मौजू निवासी सलम्बा की दरखास्त पर थाना सदर नूंह पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर उप-निरीक्षक राकेश कुमार द्वारा मुकदमा की तफतीश अमल में लाई। मौका से साक्ष्य एकत्रित कर मृतक शमशाद का बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कराकर लाश परिजनों के हवाले की गई। इसके उपरांत गुप्त सूचना के आधार पर मृत्क के भाई आरोपी शाहरुख खान से शक के आधार पर पूछताछ करने व उसके शरीर का परीक्षण करने उपरांत शरीर पर पुरानी खरोंच के निशान मिलने व उससे सख्ती से पुछताछ करने पर उस द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने पर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी को आज अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# प्रेमपाल बने ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन के सब यूनिट प्रधान

**सिटी 24 न्यूज/संजय राघव**

**सोहना।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के तत्वाधान सोहना में वार्षिक कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सब यूनिट बॉडी का चुनाव किया गया ।जिसमें सभी यूनिट प्रधान के लिए प्रेमपाल व सब यूनिट सचिव के लिए सुशील कुमार छोकर ,चेयरमैन पद के लिए पवन कुमार, सब यूनिट के वरिष्ठ उप प्रधान नरेश कुमार, सब यूनिट उप प्रधान अमित कुमार, सह सचिव अजीत कुमार, सह सचिव नरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश, संगठन कर्ता कंवरपाल ,नर सिंह, सुरेंद्र कुमार, प्रेस सचिव हरकेश सिंह ,को ऑडिटर राहुल वर्मा, को नियुक्त किया गया है। इस मौके पर प्रधान प्रेमपाल ने कहा कि सरकार के तानाशाही रवैया को लेकर कर्मचारी एकजुट होकर अपने हक्की लड़ाई लड़ेंगे वह आने वाले यूनियन के नेता इस मामले में सरकार के खिलाफ अपना बिगुल बजाएंगे।

# हिट एंड रन कानून को लेकर ट्रक चालकों ने किया प्रदर्शन



**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** के गांव खटेला सराय स्थित अहमदाबाद रोडलिंक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बाहर हिट एंड रन कानून को लेकर ट्रक चालकों ने प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। ट्रक ड्राइवर अशफ़ाक का कहना है कि केंद्र सरकार की तरफ से हिट एंड रन जो कानून बनाया गया है। वह वाहन चालकों के बिल्कुल भी हित में नहीं है। इसमें वाहन चालक पर 10 साल की जेल के साथ 7 लाख रुपये के जुर्माने का भी प्रावधान है। जिसके विरोध में देशभर में ट्रक चालकों ने हड़ताल की थी। 2 जनवरी को केंद्रीय गृह सचिव ने ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ बैठक की और कहा कि अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस से विचार विमर्श करने के बाद ही कानून के बारे में निर्णय लिया जाएगा। जिसके बाद ट्रक चालकों को यह आश्वासन दिया गया कि हिट एंड रन कानून को सरकार ने वापस ले लिया है। इसके बाद तक चालकों ने अपनी हड़ताल को समाप्त कर दिया था। लेकिन वह चाहते हैं कि सरकार इसके बारे में लिखित में दे। जिससे कि उन्हें भरोसा हो कि सरकार ने वास्तव में ही इस कानून को वापस ले लिया है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार इस कानून को वापस नहीं लेती है तब तक ट्रक चालक अपने कामकाज को बंद रखेंगे।

# तीन दिन हथीन शहर में रहेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा : सचिव

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ हथीन शहर में तीन दिन रहेगा। पालिका सचिव देवेंद्र माथुर ने बताया कि 12 जनवरी से 14 जनवरी तक तीन स्थानों पर विशेष शिविर भी लगाए जायेंगें। उन्होंने बताया कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकंडरी विद्यालय एवं कुटी मन्दिर पर शिविर आयोजित होंगें। विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्थानीय भाजपा विधायक प्रवीण डागर बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि तीनों दिन पात्रों के बीपीएल कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाए जायेंगें। सरकार की अन्य सेवाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा।

# ग्राम स्यारोली मंडकौला में महर्षि दयानंद जी की 200 वीं जयंती के उपलक्ष में मंदिर पर सामूहिक वैदिक यज्ञ किया गया

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** ग्राम स्यारोली मंडकौला में महर्षि दयानंद जी की 200 वीं जयंती के उपलक्ष में मंदिर पर सामूहिक वैदिक यज्ञ किया गया। जिसके ब्रह्मा डॉक्टर युद्धवीर आर्य जी रहे ।इस यज्ञ में ललित आर्य योग प्रचारक गांव के अन्य गणमान्य महिला व पुरूषों ने भाग लिया। डॉक्टर युद्धवीर आर्य ने कहा कि कि हमें अपनी वैदिक परंपराओं को आगे बढ़ाना है जिससे कि हमारे बच्चों के



संस्कार अच्छे बनेऔर हम उन्हेंअपने वैभव को प्राप्त करें ।वैदिक शिक्षा ही एकमात्र उपाय है इस मानव जाति को बचाने का। इस अवसर पर बच्चों को बताया कि माता-पिता ही हमारे साक्षात देव हैं इन्हीं का हमें कहना मानना व इनका आदर सत्कार करना व सेवा करना सब परम कर्तव्य है। कार्यक्रम मास्टर विजेंद्र सिंह तहसील प्रभारी भारत स्वाभिमान हथीन की देखरेख में आयोजित किया गया।

# कनीना के सफाई अभियान में दो ट्रैक्टरों का और होगा योगदान



**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना में साफ-सफाई बनाए रखने को लेकर बृहस्पतिवार को विधायक सीताराम यादव ने नगर पालिका कार्यालय में दो ट्रैक्टरों को झंडी दिखाकर रवाना किया अटेली विधायक सीताराम यादव ने कहा कस्बे की सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त करने के लिए दो ट्रैक्टर- ट्राली की और खरीद की गई है इसे कूड़ा उठान व निपटा कार्य में आसानी होगी उन्होंने कहा कस्बे को किसी भी तरह से बिछड़ने नहीं दिया जाएगा जिस प्रकार कनीना नगर पालिका परिधि में सड़कों के नवीनीकरण का कार्य चल रहा है इस प्रकार सफाई व्यवस्था को भी मजबूत किया जा रहा है उन्होंने कहा कि कस्बा वासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम सुरेंद्र सिंह, मनोज यादव, ओमप्रकाश निशानियां, सूबेदार मुनीलाल शर्मा, सुरेंद्र जोशी,अनिल यादव, दुर्गा प्रसाद हाजिर थे।

# महेंद्रगढ़ भिवानी लोकसभा सीट पर दिग्विजय या खुद चुनाव लड़ूंगा : अजय चौटाला

**घर-घर लहराएंगे पार्टी का झंडा, खुलेंगे विकास के दरवाजे : अजय चौटाला**

**संगठन को मजबूत कर गांव-गांव जाकर कर रहे जनसंपर्क, भविष्य में पार्टी दिखाएगी दमदार दमखम**

**पहले दिन पांच गांवों में की जनसभा, दूसरे दिन शुक्रवार को छह गांवों में होगी जनसभा**




**सिटी 24 न्यूज**

**नारनौल।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला ने अपने दो दिवसीय दौरे की शुरूआत वीरवार को गांव बलाहा खुर्द से की। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया से कहा कि महेंद्रगढ़ भिवानी लोकसभा सीट पर दिग्विजय या खुद चुनाव लड़ूंगा । मेरे को लेकर कुछ कानूनी अर्चना है जो फरवरी महीने तक सुलझाने की संभावना है अगर यह समस्याएं नहीं सुलझी तो दिग्विजय को चुनाव मैदान में उतारा जाएगा। हम हर समय चुनाव के लिए तैयार हैं। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए लोकसभा विधानसभा के चुनाव एक साथ भी चुनाव हो सकते हैं। हम एनडीए हिस्सा हैं, चुनाव के दौरान यह तय किया जाएगा कि चुनाव कैसे लड़ा जाए, अपने-अपने स्तर पर दोनों दल लगे हुए हैं। हम पूरे हरियाणा का दौरा कर रहे हैं, आज पांचवां दिन है। जेजेपी को लेकर पूरे हरियाणा में उत्साह है। हम जनता से आग्रह कर रहे हैं कि वह हमें इस बार प्रबल बहुमत दे, क्योंकि गठबंधन में रहकर हम अपने वायदे पूरा करने में कामयाब नहीं हो पाए।

इसके बाद गांव दौचाना, नौलायजा, बिहारीपुर, खातोली जाट व गांव नंगली में ग्रामीण जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान जनसभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने की।

जनसभाओं को संबोधित करते हुए डा. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि वह आज आप लोगों से रूबरू होने आए हैं। स्थानीय यूनिट के वह आभारी हैं, जो यहां कार्यक्रम रखा। मिशन-2024 शुरू हो चुका है। इसका मतलब है कि साल 2024 में हरियाणा में लोकसभा व विधानसभा दोनों चुनाव होने हैं। जिस तरह के हालात व परिस्थितियां है, उसके चलते ये भी हो सकता है दोनों चुनाव एकसाथ हो जाए। इसको लेकर सभी राजनीतिक दलों ने तैयारियों शुरू कर दी है। हमने भी निर्णय लिया था कि हरियाणा प्रदेश के सभी 10 के 10 लोकसभा क्षेत्रों में बड़ी रैलियां आयोजित करके और गांव-गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों के बीच जाएंगे और उनकी समस्या सुनेंगे व समझेंगे। फिर सरकार के स्तर पर जो समाधान हो सकता है, वह करवाएंगे। उन्होंने कहा कि आज से छह वर्ष पहले जब जींद की पांडू पिंडारा की पावन धरा पर लाखों की तादाद में पहुंचकर आपने जननायक जनता पार्टी का गठन किया और एक होनहार युवा की पीठ पर हाथ रखकर उसकी हौंसला अफजाई की तो उसने ना केवल नौ महीने में पार्टी का नया राजनैतिक संगठन खड़ा किया बल्कि विपरित परिस्थितियों में आपके आशीर्वाद से तीन-तीन चुनाव भी झेले। आपके आशीर्वाद व पार्टी के सहयोग से 10 विधायक अपने साथ चुनकर प्रदेश की विधानसभा में लेकर जाने का काम किया। उन 10 विधायकों की बदौलत ही आपकी राज में हिस्सेदारी हुई। जैसे ही सत्ता परिवर्तन हुआ और सरकार बदली कोरोना जैसी विश्वव्यापी महामारी आ गई। कभी पहला फेस, कभी दूसरा कभी तीसरा। इस तरह लगातार दो साल यहीं चलता रहा। जब तक जनप्रतिनिधि लोगों के बीच जाएंगे नहीं, उनकी बातों को समझेंगे नहीं, जानेंगे नहीं तब तक उनका समाधान भी नहीं होता। जैसे ही कोरोना से मुक्ति मिली आपके सामने किसान आंदोलन हो गया। ऐसे में इस कार्यकाल में कम ही समय मिल पाया। फिर भी जितना समय मिला, उसमें जितनी ताकत जनता ने दी, उसके हिसाब से बेहतर से बेहतर काम करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर पार्टी का झंडा घर-घर पर लहराएं, जिससे विकास के दरवाजे खुलेंगे। जो कसर पिछले समय में रही है, ना उसकी भरपाई है, बल्कि उसको भविष्य में सवा करने की कोशिश करेंगे। जो संगठन में कमी रही है, उसकी भी पूर्ति आपके सहयोग से पूरी करेंगे। इन जनसभाओं में जो जनहित से जुड़ी डिमांड ग्राम पंचायत या ग्रामीणों ने दी है, वह हरियाणा सरकार के समक्ष रखकर उनका समाधान करवाया जाएगा।

इस मौके पर पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव कमलेश सैनी, अभिमन्यू राव, अमरसिंह ब्रह्मचारी, एडवोकेट तेजप्रकाश, सुलोचना ढिल्लो, सिकंदर गहली, संजीव तंवर, सुविधा शास्त्री, सावित्री गुर्जर, युद्धवीर पालड़ी, बिरेंद्र बनिहाड़ी, कुलदीप कलवाड़ी, रामकुमार मकसूसपुरिया, प्रमोद तांखर, महेंद्र खन्ना, जिला पार्षद सचिन, हरफूल मैनेजर, राजकुमार खातोद, अजय एडवोकेट, बेदू रातां, संदीप भांखर, सुरेंद्र ढिल्लो, धर्मवीर यादव, विजय छिलरो विरेंद्र घाटासेर, लक्की सरदार, रोहताश रावत, बहादुर नांगलिया, जिलेसिंह गुर्जर, लक्का गुर्जर, हजारीलाल लंबोरा, लीलाराम, चैनसुख तोताहेड़ी, राजकुमार जांगड़ा, धीरज शर्मा, सुषमा यादव, दीपक यादव, बजरंग गुर्जर, माडूराम, भीमसिंह सेहरावत, रवि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

**12जनवरी को इन गांवों में होगी जनसभा**

जिला प्रवक्ता ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजयसिंह चौटाला दूसरे दिन 12 जनवरी को गांव सुराना में सुबह 10 बजे ग्रामीण जनसभा करेंगे। इसके बाद 11 बजे जाट गुवाना, दोपहर 12 बजे महरमपुर, दो बजे बापड़ोली, तीन बजे निवाजनगर और शाम चार बजे गांव मांदी में ग्रामीण जनसभा करेंगे और कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे।

# उद्योग विहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के साथ हुई बिजली अधिकारियों की बैठक




**सिटी 24 न्यूज**

**गुरुग्राम।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ऑपरेशन जोन दिल्ली की मुख्य अभियंता विनीता सिंह, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के मुख्य अभियंता वी के अग्रवाल, गुरुग्राम सर्कल 2 के अधीक्षण अभियंता पी के चौहान सहित अध्यक्ष अनीमेश सक्सेना की उपस्थिति में उद्योग विहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के साथ बैठक हुई।

इस बैठक में उद्योग विहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के महासचिव ए पी जैन ने सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए, उसमें सुधार करने आदि से संबंधित समस्याओं से अवगत करवाया। उन्होंने डीएचबीवीएन अधिकारियों के साथ स्मार्ट ग्रिड परियोजना की स्थिति पर चर्चा की और इसे समयसीमा में पूरा करने का अनुरोध किया। उद्योग विहार में बार-बार होने वाली बिजली कटौती, उत्पादन, उपकरण और वित्त पर उनके प्रभाव के बारे में चिंताएं उठाई। तकनीकी मुद्दों के कारण उद्योगपतियों को ऑनलाइन बिल प्राप्त करने में आने वाली कठिनाइयों पर प्रकाश डाला। बिना पूर्व सूचना के अचानक बिजली ब्रेकडाउन के कारण होने वाली असुविधा पर प्रारंभिक चेतावनी और वैकल्पिक बिजली समाधान के लिए एक प्रणाली का अनुरोध किया। केवल ऑनलाइन सूचनाओं पर निर्भर उद्योगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए नियत तारीख से 10 दिन पहले बिजली बिलों की फिजिकली डिलीवरी का अनुरोध किया।

बिजली निगम के अधिकारियों ने उनकी सभी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और उनके उचित समाधान का आश्वासन दिया। बिजली निगम अधिकारियों ने सुझाव दिया कि सभी औद्योगिक बिजली कनेक्शन की केवाईसी पूर्ण करें। सभी के ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर अपडेट किए जाएं ताकि उपभोक्ताओं को ईमेल पर भी बिल मिल सके और उनके मोबाइल पर भी बिल का संदेश भेजा जा सके।

इस बैठक में प्रबंध समिति सदस्य बलराज तंवर, परमा नंद, अक्षय जैन और उद्योग विहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अनेकों सदस्य शामिल हुए।

# हरियाणा महिला आयोग की 25वीं वर्षगांठ में उपलक्ष्य में दो दिवसीय समागम का हुआ आगाज

**फरीदाबाद के सूरजकुंड स्थित राजहंस होटल में अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन का हुआ शुभारंभ**

**बेटियों की तरह बेटों को दे अच्छे संस्कार : महिला आयोग की चेयरपर्सन**




**सिटी 24 न्यूज**

चंडीगढ़, 11 जनवरी। हरियाणा महिला आयोग की 25वीं वर्षगांठ में उपलक्ष्य में आज दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन का फरीदाबाद के सूरजकुंड स्थित राजहंस होटल में शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का उदघाटन राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन श्रीमती रेखा शर्मा ने किया। प्रथम सेशन में महिला सशक्तिकरण के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान कैसे करें महिलाएं रहा।

इस दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन रेखा शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनना है और इसके लिए महिलाओं में जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबर के अधिकार दिए हैं। किसी भी देश में सुख, समृद्धि महिला सशक्तिकरण से ही आती है। उन्होंने कहा कि महिलाएं देश की रक्षा करने में भी अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं। हरियाणा महिला आयोग की वजह से आज हरियाणा का स्वरूप बदल गया है। उन्होंने कहा कि महिला आयोग का काम उस दिन खत्म होगा जब किसी बच्ची को गर्भ में ना मरने दिया जाए। बच्ची के पैदा होने पर उसे किसी रंग या कपड़े के लिए नहीं टोका जाए। जितनी आजादी बेटों को दी जाती है उतनी ही आजादी बेटियों को भी दी जाए। इसकी शुरुआत हमें अपने परिवारों से ही करनी होगी, क्योंकि परिवार में ही हम अपने बच्चों में जेंडरो का भेदभाव करते आ रहे हैं। जैसे संस्कार हम अपनी बेटियों को देते हैं उतने ही संस्कार हमें अपने बेटों को भी देने की जरूरत है। हम अपनी बच्चियों को सिखाएं कि वह अपनी चुप्पी को तोड़े न कि उन्हें चुप रहने को कहें और बेटों की तरह ही बेटियों को अपना जीवन साथी चुनने का पूरा हक दिया जाए।

इस दौरान हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि हरियाणा राज्य महिला आयोग (एचएससीडब्ल्यू) अपने 25वें स्थापना दिवस पर अंतरराष्ट्रीय महिला शिखर सम्मेलन एशियन कंट्रीज समिट दुर्गा एम्पावरिंग वूमेन नामक दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन शुरू किया गया है। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनी महिलाओं ने शिरकत की।

मध्यप्रदेश की पूर्व विधायक शबनम मौसी ने कहा कि मध्य प्रदेश, यूपी और मुंबई में अपने संकट भारी जीवन की स्वयं की चर्चा करते हुए कहा कि मेरा मुख्य उद्देश्य गरीबों की सेवा करना है। महिलाओं को समाज में आगे लाना चाहिए। पुरुषों के बराबर महिलाओं को भी सम्मान मिलना चाहिए और अब वक्त है कि ट्रांसजेंडरों को भी अच्छी नजर से देखा जाए।

ट्रांसजेंडर एक्टीविस्ट गौरी सावंत ने कहा कि महिला और पुरुष के समान ट्रांसजेंडर को भी समाज और परिवार के लोगों को बराबर का सम्मान देना चाहिए। मैंने भी अपनी जिंदगी इसके लिए संघर्ष किया है। महिला व पुरुष के बराबर ट्रांसजेंडर को भी अधिकार दिए जाने चाहिए। हमें समाज में वोट का अधिकार मिल गया है। ट्रांसजेंडर को अब 50 प्रतिशत लोग अच्छा रिस्पांस दे रहे हैं।

**ये रहीं मौजूद**

इस मौके पर वरिष्ठ टीवी एंकर मीमांसा मलिक, पहली महिला ट्रांसजेंडर विधायक शबनम मौसी, एडवोकेट रितु कपूर, एनकाउंटर स्पेशलिस्ट शाहिदा परवीन, जम्मू कश्मीर वक्फ बोर्ड चेयरपर्सन दरक्षा आंध्रवी, पत्रकार सलमा सुल्तान और कांता सिंह डिप्टी रिप्रैजेंटिव यूनाइटेड नैशन वुमेन इंडिया उपस्थित रही।

# नगर निगम गुरूग्राम का स्पष्ट संदेश, किसी भी प्रकार के अवैध विज्ञापन को नहीं किया जाएगा बर्दाश्त

**निगम टीमों ने ग्रांड हयात, आईरियो, बीएमडब्ल्यू, एमजी मोटर्स, शॉपर्स स्टॉप, ऑर्चिड सैंटर, मेरीएंगो अस्पताल तथा एसएस प्लाजा आदि बड़ी नामचीन कंपनियों के अवैध विज्ञापनों को हटाया**

**गोल्फ कोर्स रोड़, सेक्टर-61, सेक्टर-47 व गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड़ पर की गई कार्रवाई**




**सिटी 24 न्यूज**

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरूग्राम द्वारा अवैध विज्ञापनों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए यह स्पष्ट संदेश दिया गया है कि किसी भी प्रकार के अवैध विज्ञापनों को निगम सीमा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके तहत क्षेत्र को अवैध विज्ञापनों से मुक्त करने के लिए एक विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अभियान के तहत वीरवार को इनफोर्समैंट टीमों ने गोल्फ कोर्स रोड़, सेक्टर-61, सेक्टर-47 व गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड़ पर अवैध विज्ञापनों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 28 पायलोन अर्थात मिनी यूनिपोल तथा 11 साईनेज बोर्ड को हटाकर उन्हें अपने कब्जे में लिया है। ये पायलोन व साइनेज बोर्ड कई नामचीन कंपनियों द्वारा लगाए गए थे, जिनमें मुख्य रूप से ग्रांड हयात, आईरियो, बीएमडब्ल्यू, एमजी मोटर्स, शॉपर्स स्टॉप, ऑर्चिड सैंटर, मेरीएंगो अस्पताल तथा एसएस प्लाजा आदि कंपनियां शामिल हैं। नगर निगम गुरूग्राम द्वारा जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए कार्रवाई की जा रही है।

अभियान के दौरान यातायात बाधित ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है तथा प्रात: 8 बजे ही अवैध विज्ञापनों को हटाने की कार्रवाई शुरू की जाती है। टीम में डीटीपी सुमित मलिक, एटीपी सिद्धार्थ, सहायक अभियंता दलीप यादव, कनिष्ठ अभियंता वाशुपाल व सतेन्द्र सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे।

नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ के अनुसार हरियाणा म्यूनिसिपल एडवरटाईजमैंट बाईलाज-2022 के तहत नगर निगम गुरूग्राम की सीमा में किसी भी प्रकार के विज्ञापन का प्रदर्शन करने से पूर्व स्वीकृति लेना अनिवार्य है। नगर निगम गुरूग्राम द्वारा 22 प्राईम एडवरटाईजमैंट साईटों की नीलामी की जा रही है। नीलामी में भाग लेने की इच्छुक कंपनियां या विज्ञापन एजेंसियां इस बारे में नगर निगम गुरूग्राम स्थित विज्ञापन शाखा कार्यालय में संपर्क करें।

उन्होंने कहा कि अवैध विज्ञापनों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा तथा विज्ञापनों को हटाने के साथ ही विज्ञापन देने वाली कंपनी, विज्ञापन एजेंसी और साईट मालिक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# 'आओ बनाएं प्रदूषण मुक्त गुरूग्राम' अभियान के तहत सड़कों व पेड़ों पर पानी का छिड़काव जारी

**निगमायुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ के निर्देश पर सभी संयुक्त आयुक्तों ने अपने-अपने जोन में पानी छिडक़ाव में लगे वाहनों का किया निरीक्षण**

**नगर निगम गुरूग्राम द्वारा ग्रेडिड रैस्पांस एक्शन प्लान की पालना में किया जा रहा है गंभीरता से कार्य**




**सिटी 24 न्यूज**

**गुरुग्राम।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा लागू ग्रेडिड रैस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) की पालना में नगर निगम गुरूग्राम द्वारा गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। इसके तहत नगर निगम द्वारा 'आओ बनाएं प्रदूषण मुक्त गुरूग्राम' अभियान के तहत धूल को उडने.से रोकने के लिए सडक़ों व पेड़ों पर पानी का छिडक़ाव लगातार जारी है। नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना में वीरवार को सभी संयुक्त आयुक्त अपने-अपने जोन में पहुंचे तथा पानी छिडक़ाव कार्य में लगे वाहनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए कि वे रूट प्लान के अनुसार कार्य करें तथा डेली रिपोर्ट भिजवाएं। नगर निगम गुरूग्राम द्वारा इस कार्य में 25 टैंकरों तथा 3 एंटी स्मोग गन का इस्तेमाल किया जा रहा है। छिडक़ाव के लिए सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट का शोधित पानी उपयोग हो रहा है।

इसके अलावा, नगर निगम गुरूग्राम द्वारा मुख्य सडक़ों की सफाई मैकेनाईज्ड माध्यम से करवाई जाती है, ताकि सडक़ों से धूल ना उड़े। इस कार्य में 13 स्वीपिंग मशीनें रात्रि के दौरान अलग-अलग रूटों पर चलती हैं। नगर निगम गुरूग्राम का प्रयास है कि धूल के कारण प्रदूषण का स्तर ना बढ़े। इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। नगर निगम गुरूग्राम द्वारा ग्रेडिड रैस्पांस एक्शन प्लान की अवहेलना करने वालों पर भी लगातार निगरानी की जा रही है। इसके तहत कचरे में आग लगाने वालों, बिना ढक़ेनिर्माण सामग्री रखने तथा ट्रांसपोर्ट करने वालों, निर्माण कार्यों में पर्यावरीय नियमों की पालना नहीं करने वालों सहित सार्वजनिक स्थान पर कचरा एवं मलबा फैंकने वालों के चालान किए जा रहे हैं। इसके तहत अब तक 432 उल्लंघनकर्ताओं के चालान करते हुए उन पर 7 लाख 18 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ ने गुरूग्राम के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे प्रदूषण बढ़ाने वाली कोई भी गतिविधि ना करें। निर्माण एवं तोडफ़ोड़ कार्यों में पर्यावरणीय नियमों की पालना करें तथा निर्माण सामग्री को ढक़्कर व पानी का छिडक़ाव करके ही रखें। किसी भी प्रकार के कूड़े में आग ना लगाएं तथा इधर-उधर कचरा व मलबा ना फैंकें। उन्होंने कहा कि नियमों की पालना नहीं करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए भारी जुर्माना लगाया जाएगा।

# बहुत जल्द नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित देशों की सूची में होगा : चौधरी जाकिर हुसैन

**विकसित भारत संकल्प-यात्रा के तहत नूँह विधानसभा के गाँव बाबूपुर में हुआ संवाद कार्यक्रम**

**कार्यक्रम में भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन रहे मुख्य अतिथि**

**कार्यक्रम की अध्यक्षता एस डी एम नूँह अश्वनी कुमार ने की**




**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** बृहस्पतिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नूँह विधानसभा के गाँव बाबूपुर में संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन रहे तथा अध्यक्षता नूँह के एसडीएम अशविनी कुमार ने की। गाँव में पहुंचने पर चौधरी ज़ाकिर हुसैन का ग्रामवासियों ने फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने उपसथित सभी गणमान्यों व गाँव वासियों को विकसित भारत बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ दिलाई तथा संकल्प यात्रा में लगी सभी विभागों की स्टालों का अवलोकन किया। ज़ाकिर हुसैन ने ड्रॉन को चलाया तथा ड्रॉन द्वारा किस तरह से फसलों के लिए उपयोगी है, लाभदायक इस बारे में विस्तृत जानकारी ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने गाँववासियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश ने तरक्की व विकास की नई ऊंचाईयों को छुआ है तथा देश लगातार तेजी से तरक्की कर रहा है। मोदी की गारंटी वाली वैन से देश व प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। भारत बहुत जल्द नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित देशों की सूची में आने वाला है।

हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब, बेसहारा व जरूरतमंद लोगों की फिक्र हमेशा अपने साथ रखते हैं। उनके विकास व तरक्की के लिए उन्होंने बहुत सी लाभकारी योजनाएँ चलाई हैं। उन्हीं योजनाओं को घर-घर व आम जन तक पंहुचाने के लिए उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई है। इस योजना से हर आम जन को फायदा पंहुचेगा। क्योंकि सरकार हर द्वार तक पंहुचकर लोगों को लाभकारी योजनाएँ देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जितना विकास भारतीय जनता पार्टी ने पिछले 9 वर्षों में किया है कांग्रेस व अन्य सरकारे 70 वर्षों में भी नहीं करा पाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने उज्जवला योजना से वंचित गाँव की महिलाओं को गैस सिलेंडर के कनेक्शन भी मौके पर ही दिए गए तथा ग्रामवासियों को लाल डोरे की रजिसट्रियों को भी सौंपा। सरकार द्वारा लोगों की घर बैठे रजिसट्रियों को भी खुद ब खुद दर्ज करा दिया गया है। लोगों को कहीं पर भटकना नहीं पड़ा है। इससे लोगों में भारी खुशी देखी गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एक आई पी आर ओ अशोक राठी, ग्राम सचिव सुनील कुमार, बाबूपुर के सरपंच आफताब, अमजद बाबूपुर, वकील सरपंच टेरकपुर, हाजी शौकत हुसैनपुर, खुर्शीद पूर्व सरपंच, रहीम खाँ पूर्व सरपंच, उमर दराज, धांधूका के सरपंच विक्रम सिंह, हाजी हमीद, इजहार, रुकमुद्दीन उर्फ रुक्कु, ल नंबरदार बल्लू, फज्जर अब्दुल्ली, हाजी रुद्दार, सहसूदा, मुस्तकीम, फारूख, पप्पू रायपुरी, जाकिर सरपंच गुंडबास, खालिद गुंडबास, इसराईल खेड़ला आदि के अलावा सैंकडों ग्रामवासी व महिलाएँ मौजूद रहीं।

# नूंह जिला में 09 मार्च को किया जाएगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, दोनों पक्षों के आपसी राजीनामे से होगा मामलों का निपटारा : कुनाल गर्ग



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 09 मार्च को जिला नूंह में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। वादकारी उपरोक्त अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव कुनाल गर्ग ने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मार्च को जिला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है तो वह लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआईएक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा।

सीजेएम कुनाल गर्ग ने बताया कि आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं और लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। उन्होंने यह भी बताया कि लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती। लोक अदालत में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है। इन राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से लोगों का बिना समय व पैसा गवाएं केसों का समाधान किया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालतों में ना तो किसी पक्ष की हार होती है और ना ही जीत बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाया जाता है।

# सीएससी केंद्रों पर कॉमन ब्रांडिंग और रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य : डीसी

**डीसी धीरेन्द्र खड़गटा ने संबंधित अधिकारियों को केंद्रों की फिजीकल वैरिफिकेशन के दिए निर्देश**



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिलाभर में सीएससी केंद्रों पर दी जा रही विभिन्न सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने व निर्धारित वर्ग को केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने सभी केंद्रों पर कॉमन ब्रांडिंग और रेट लिस्ट लगाने के निर्देश दिए हैं।

उपायुक्त ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की अंत्योदय उत्थान योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक गांव में सीएससी केंद्र खोले गए हैं। नागरिकों की सुविधा के लिए जरूरी सेवाओं जैसे विवाह पंजीकरण, रिहायशी प्रमाण पत्र, बीसी, ओबीसी प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र सहित अन्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए सीएससी केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके लिए सरकार द्वारा सरकारी फीस निर्धारित की गई। ऐसे में जिला के सभी नागरिक निर्धारित फीस के तहत समयबद्ध तरीके से विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ ले सके इसके लिए सभी केंद्रों पर रेट लिस्ट चस्पा करना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई सीएससी संचालक अपने गांव या वार्ड के अलावा किसी दूसरी जगह पर सेंटर संचालित करता पाया गया तो तुरंत प्रभाव से उस केंद्र का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी सीएससी केंद्रों की फिजिकल वेरिफिकेशन के निर्देश दिए हैं। इस दौरान यदि किसी केंद्र पर ब्रांडिंग और सर्विस चार्ट रेट नहीं मिला तो संबंधित केंद्र पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री को आफताब अहमद ने कार्यकर्ताओं संग दी खिराज ए अकीदत



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** कॉंग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद की अध्यक्षता में कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं ने ब्रहस्पतिवार को जिला कॉंग्रेस मुख्यालय नूंह पर खिराज ए अकीदत पेश की। इस दौरान विधायक आफताब अहमद ने पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल बेहतरीन रहा। 1951 में, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में वह अखिल भारत कांग्रेस कमेटी के महासचिव नियुक्त किये गये। जवाहरलाल नेहरू का उनके प्रधानमन्त्री के कार्यकाल के दौरान 27 मई, 1964 को देहावसान हो जाने के बाद साफ सुथरी छवि के कारण शास्त्रीजी को 1964 में देश का प्रधानमन्त्री बनाया गया।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री एक महान व्यक्ति थे, उनकी सादगी और ईमानदारी के लिये मरणोपरान्त भारत रत्न से सम्मानित किया गया। वो सच्चे गान्धीवादी थे जिन्होंने अपना सारा जीवन सादगी से बिताया और उसे गरीबों की सेवा में लगाया। भारतीय स्वाधीनता संग्राम के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों व आन्दोलनों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही और उसके परिणामस्वरूप उन्हें कई बार जेलों में भी रहना पड़ा। 1921 का असहयोग आंदोलन, 1930 का दांडी मार्च तथा 1942 का भारत छोड़ो आन्दोलन में वो महात्मा गांधी के मजबूत सहयोगी रहे।

विधायक आफताब अहमद ने बताया कि पंडित नेहरूजी के साथ उनकी निकटता के बाद शास्त्रीजी का कद निरन्तर बढ़ता ही चला गया और एक के बाद एक सफलता की सीढियाँ चढ़ते हुए वे नेहरूजी के मंत्रिमण्डल में गृहमन्त्री के प्रमुख पद तक जा पहुँचे और इतना ही नहीं, नेहरू जी के निधन के बाद मुल्क के प्रधानमन्त्री भी बने। कॉंग्रेस दल के उप नेता आफताब अहमद ने कहा कि मुल्क की आजादी पश्चात गोविंद बल्लभ पंत के मन्त्रिमण्डल में उन्हें पुलिस एवं परिवहन मन्त्रालय सौंपा गया। परिवहन मन्त्री के कार्यकाल में उन्होंने प्रथम बार महिला कण्डक्टर्स की नियुक्ति की थी। पुलिस मंत्री होने के बाद उन्होंने भीड़ को नियन्त्रण में रखने के लिये लाठी की जगह पानी की बौछार का प्रयोग प्रारम्भ कराया। इस दौरान मदन तंवर पार्षद, सहाबु कैराका, हाजी नईम इकबाल, आमिल चेयरमैन, वहीद, सोहराब सरपंच, असरफ सरपंच, महेंद्र डायरेक्टर, सुरिंदर मंत्री, हाजी शमसु रहना, जककी सलंबा, अख्तर, ज्याउल हक मेवली, हाजी दीना, खलली, हनीफ घासेडा, जानू पटवारी, शमीम, अफाक एन एस यू आई सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गुरुग्राम में हुआ खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन, यासीन डिग्री कॉलेज ने प्राप्त किया पहला स्थान




**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** यासीन मेव डिग्री कॉलेज में इंटर कॉलेजिएट खो खो चयन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसका आयोजन कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ मोहम्मद खालिद के तत्वाधान में हुआ। इस प्रतियोगिता में गुरुग्राम विश्वविद्यालय गुरुग्राम सेक्टर 9 सोहना तथा वाईएमडी कॉलेज के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में यासीन मेव डिग्री कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कॉलेज के साथ खिलाड़ियों का चयन नॉर्थ जोन के लिए चयन हुआ। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर एजाज अहमद थे। इस अवसर पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉक्टर सुरेंद्र मलिक तथा स्पोर्टस कोऑर्डिनेटर श्रीमती सुनीता भी उपसथित रही। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर एजाज अहमद ने सभी खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए उनका प्रोत्साहित किया तथा दैनिक जीवन में खेल के महत्व को भी रेखांकित किया

# नूंह पुलिस के ए.वी.टी. स्टाफ रोजकामेव की टीम ने पाँच हजार रुपए के इनामी बदमाश हाकम निवासी रोजकामेव को अवैध हथियार सहित दबोचा



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उप-निरीक्षक पवन कुमार प्रभारी ए.वी.टी. स्टाफ रोजकामेव के नेतृत्व में गठित टीम ने सलम्बा मोड़ नूंह से एक पाँच हजार रुपए के इनामी बदमाश को अवैध हथियार सहित काबू किया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सदर नूंह में अवैध हथियार अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। ए.वी.टी. स्टाफ रोजकामेव की एक टीम उप-निरीक्षक पवन कुमार के नेतृत्व में गस्त पर थी । उसी दौरान सूचना मिली कि हाकम पुत्र दीन मौहम्मद निवासी रोजकामेव जिला नूंह जो हमेश अपने पास अवैध हथियार रखता हैं और घर जाने के लिए सवारी के इंतजार में गांव सलम्बा मोड़ नूंह रोड़ पर खड़ा हैं । सूचना के मुताबिक टीम मौके पर पहुंची तो पुलिस को देखकर एक युवक तेज-2 कदमों से चलने लगा । जिसको काबू कर नाम पता पुछा तो उसने अपना नाम हाकम उपरोक्त बतलाया । तलाशी लेने पर हाकम से एक देसी कट्टा बरामद हुआ । आरोपी के विरुद्ध थाना सदर नूंह में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरु की हैं ।

आरोपी हाकम पांच हजार रुपये का इनामी बदमाश था, जिस पर चोरी के चार अन्य मुकदमें थाना वजीरपुर जिला सवाई माधौपुर राजस्थान, थाना सुरजकुण्ड फरीदाबाद व नूंह में दर्ज है । राजस्थान के ज़िले सवाई माधोपुर के थाना वजीरपुर में दर्ज चोरी के एक मुकदमे में हाकम पर पाँच हजार रुपए का इनाम घोषित है । आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना सम्बंधित थाना को दी गई । आरोपी को आज अदालत में पेश किया जाएगा। इसके अतिरिक्त निरीक्षक मलखान सिंह प्रबंधक थाना बिछौर के नेतृत्व में गठित टीम ने तीन वर्ष से लूट-डकैती के मामले में फरार चल रहे आरोपी अजरुद्दीन उर्फ अज्जू पुत्र मज्जल निवासी जंघावली थाना शेरगढ़ उत्तर प्रदेश हालाबाद गांव राजपुर कुकवान थाना पुन्हाना को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं । आरोपी को एक दिन पुलिस रिमांड के बाद आज अदालत में पेश किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उप-निरीक्षक सुरजीत थाना शहर नूंह के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर तावडू रोड़ नूंह से सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने के जुर्म में जुनैद खान पुत्र जीत खान निवासी शाहपुर नगंली नूंह को गिरफ्तार किया हैं । जिसके कब्जे से सात हजार पचास रुपये बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी हैं।

# नूंह पुलिस ने ब्लाईंड मर्डर की गुत्थी सुलझाई, एक गिरफ्तार, भाई ही निकला भाई का हत्यारा



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** निरीक्षक चन्द्रभान प्रबंधक थाना सदर नूंह के नेतृत्व में गठित टीम ने दो जनवरी को गांव सलम्बा में हुई नाबालिक बच्चे की हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए हत्या के आरोपी नाबालिक बच्चे के भाई शाहरुख खान निवासी सलम्बा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं । गला दबाकर हत्या करने में प्रयुक्त की गई पलास्टिक रस्सी व हत्या करने वाले दिन आरोपी द्वारा पहनी हुई पैंट/कमीज को भी पुलिस टीम ने बरामद कर लिया हैं । आरोपी शाहरुख खान को आज अदालत में पेशकर जेल भेजा गया । एक जनवरी को सुबह करीब 08/09 बजे मृतक शमशाद पुत्र जानू निवासी सलम्बा घर से बिना बताएं कही चला गया था। जिसकी नाश दो जनवरी को समय सुबह करीब 08/09 बजे मजीद पुत्र जुमे खां के सरसों के खेत में मिली थी । जिसके गले में रस्सी/तार के निशान पाये गए । जिसकी सुचना पाकर उच्चाधिकारी व प्रबंधक थाना सदर नूंह निरीक्षक चन्द्रभान द्वारा मौका पर पहुंचकर शीन ऑफ क्राईंम की टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया । मृत्क बच्चें के पिता जानू पुत्र मौजू निवासी सलम्बा की दरखास्त पर थाना सदर नूंह पुलिस द्वार मुकदमा दर्ज करके उप-निरीक्षक राकेश कुमार द्वारा मुकदमा की तफतीश अमल में लाई । मौका से साक्ष्य एकत्रित कर मृतक शमशाद का बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कराकर नाश परिजनों के हवाले की गई । इसके उपरांत गुप्त सूचना के आधार पर मृत्क के भाई आरोपी शाहरुख खान से शक के आधार पर पुछताछ करने व उसके शरीर का परीक्षण करने उपरांत शरीर पर पुरानी खरोंच के निशान मिलने व उससे शख्ती से पुछताछ करने पर उस द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने पर उसे दस जनवरी को मुकदमा में गिरफ्तार किया गया । आरोपी को आज अदालत में पेशकर जेल भेजा गया।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अजमेर शरीफ में चढाई जाने वाली चादर को दरगाह शरीफ निजामुद्दीन लेकर पंहुचे जमाल सिद्दीकी व चौ. जाकिर हुसैन

**चादर प्रधानमंत्री की तरफ से ले जाया जाएगा**




**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अजमेर शरीफ में हर साल की तरह इस वर्ष भी चादर पोशी के कार्यक्रम के लिए उनके द्वारा सौंपी गई चादर को लेकर बृहस्पतिवार की भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी़, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक व अन्य वरिष्ठ नेतागण दरगाह निज़ामुद्दीन, नई दिल्ली पहुंचे। आज सुबह दिल्ली से जमाल सिद्दीकी़ के नेतृत्व में नूँह होते हुए इस चादर को दरगाह शरीफ पर चढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री की तरफ़ से अजमेर शरीफ ले जाया जाएगा।

# प्रधानमंत्री ने जनता की भलाई के लिए चलाई विकसित भारत संकल्प यात्रा : राज्यपाल दत्तात्रेय

**सरकार ने गरीब और वंचित परिवारों को लाभ पहुंचाना किया है सुनिश्चित**

**डा. बी.आर. अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में संकल्प यात्रा के स्वागत में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे महामहिम राज्यपाल, उपस्थिति को दिलाई संकल्प शपथ**

**योजनाओं के पात्र व्यक्तियों को दिया लाभ, खिलाड़ियों को किया सम्मानित, स्टॉलों का भी किया अवलोकन**



**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत गत 15 नवंबर को की थी, जोकि 25 जनवरी 2024 तक पूरे देश में चलेगी। इस रथ यात्रा का उद्देश्य लोगों में केंद्र व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों की जागरूकता पैदा करना और उनका शत प्रतिशत लाभ लाभार्थी तक पहुंचाना है। हरियाणा के महामहिम राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय गुरुवार को पलवल के डा. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में नगर परिषद क्षेत्र के लोगों को लाभ पहुंचाने के मसकद से आयोजित किए गए संकल्प यात्रा के जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने सभी को लोहडी व मकर सक्रांति की हार्दिक बधाई देते हुए आपसी भाईचारे को कायम रखते हुए प्रेम पूर्वक रहने का संदेश दिया। उन्होंने इस मौके पर उपस्थिति को विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की संकल्प शपथ भी दिलवाई।

महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल निस्वार्थ भाव से जनता के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके सार्थक प्रयासों से आज हरियाणा प्रदेश की देश में अलग छवि बनी है। इस अवसर पर उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर स्टॉलों पर मौजूद अधिकारियों से योजनाओं का फीडबैक लिया और निरंतर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए उत्साहवर्धन किया। महामहिम राज्यपाल ने स्टॉल लगाकर लोगों को लाभ देने पर जिला प्रशासन के साथ-साथ विभिन्न विभागों, स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक कार्यकर्ताओं का भी हार्दिक धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा जनता को योजनाओं का लाभ एक की मंच पर देने के लिए बनाए गए परिवार पहचान पत्र को सराहनीय कदम बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने गरीब और वंचित परिवारों को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया है। आज घर बैठे लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। 60 वर्ष पूरे होने पर सामाजिक सुरक्षा पैंशन स्वत: ही बन जाती है। इसके अलावा प्रधानमंत्री उज्ज्वला तथा आयुष्मान भारत जैसी योजना लोगों के लिए वरदान साबित हो रही हैं। पीएम की गारंटी वाली गाडी से गरीब से गरीब लोगों को निश्चित रूप से घर द्वार पर ही फायदा पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं में जन भागीदारी का होना अत्यंत जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता के लिए दिन-रात सेवा में लगे हुए हैं। इसलिए अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचना बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी प्रदेश की जनता को योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्राओं को प्रदेश के हर गांव, नगर व शहर में पहुंचाने में कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उपस्थिति को योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि स्वयं सहायत समूह अपने विभिन्न उत्पाद बनाकर जनता को समर्पित कर रहे हैं। उन्होंने इसके लिए उनका धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार सेल्फ हेल्प गुरप को स्वरोजगार के लिए तीन लाख रुपए तक का ऋण मुहैया करवाती है। इसके अलावा चिराग योजना में गरीब व प्रतिभावान विद्यार्थियों का निजी विद्यालयों में दाखिला का 10 प्रतिशत आरक्षण किया गया है। प्रदेश में महिला सशक्तिकरण और बेटियों की पढाई को बढावा देने के लिए राजकीय कॉलेज खोले गए हैं। आज हर क्षेत्र में महिला अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही है और अपना परचम लहरा रही है। उन्होंने देश की बेटियों से इसी प्रकार आगे बढकर देश व प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम में एक ओर जहां प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की पात्र महिलाओं को गैस सिलेंडर भेंट किए वहीं दूसरी ओर लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवासीय योजना, आयुष्मान भारत कार्ड भी भेंट किए। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रदेश स्तरीय खेलों में जिला का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

विधायक दीपक मंगला ने संकल्प यात्रा के मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का स्वागत अभिवादन करते हुए कहा कि मोदी सरकार की गारंटी का रथ जिला पलवल के गांव-गांव व शहर के वार्डों में रह रहे लोगों को सरकार की योजनाओं से अवगत करवा रहा है और पात्र लोगों को योजनाओं से जोड रहा है। इस रथ यात्रा से लोग योजनाओं की जानकारी लेकर लाभानवित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने में सामाजिक संस्थाएं और कार्यकर्ता भी लगे हुए हैं।

नगर परिषद पलवल के चेयरमैन यशपाल ने महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का नगर परिषद की विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पधारकर सभी का उत्साहवर्धन करने पर धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा दिए गए मार्गदर्शन अभूतपूर्व हैं।

इस मौके पर विधायक जगदीश नायर, विधायक प्रवीण डागर, भाजपा जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, पूर्व मंत्री सुभाष कत्याल, हरेंद्रपाल राणा, जवाहर सिंह सौरोत, मुकेश सिंगला, उपायुक्त नेहा सिंह, रेवाडी रेंज के पुलिस आईजी राजेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक डा. अशु सिंगला, अतिरिक्त उपायुक्त साहिल गुप्ता, सीईओ जिला परिषद जितेंद्र कुमार, डा. बी.आर. अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय की प्रधानाचार्या अर्चना वर्मा, सिविल सर्जन डा. नरेश गर्ग, पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग के उपनिदेशक डा. चंद्रभान सोनी, कृषि उपनिदेश डा. बाबूलाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, योजनाओं के लाभार्थी, खिलाड़ी व नगरवासी मौजूद रहे।

# मिंडकोला के सरकारी स्कूल में किया फन कैंप द्वारा लाइफ स्किल डेवलपमेंट कैंप का किया आयोजन



**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत फन कैंप द्वारा लाइफ सकिल डेवलपमेंट कैंप राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय मंडकोला में आयोजित किया गया। चौथे दिन कैंप में मुख्य वक्ता आचार्य राजेश ने कहा हमारे जीवन में स्वच्छता का बड़ा महत्व है। स्वच्छता से हम घर और घर के आसपास स्वच्छ कर सकते हैं। हमें भोजन से पहले हाथ पैर धोने चाहिए, साफ कपड़े पहने चाहिए और बाहर से आने पर हाथ पानी से धोने चाहिए। आचार्य राजेश ने कहा कि हमें फल सबजियां का सेवन करने से पहले उन्हें अच्छे से साफ करना चाहिए, जिससे हानिकारक कीटाणु हमारे शरीर में प्रवेश न करें। उन्होंने कहा कि हम नियमित रूप से दाल फल सबजियों का भरपूर मात्रा प्रयोग करेंगे तो हमारे शरीर में खून की कमी नहीं रहेगी। आचार्य राजेश ने बच्चों को बताया हमें इसके साथ तन मन और आत्मा को पवित्र पर स्वच्छ बनाना चाहिए। स्कूल के हेड मास्टर ने कहा कि यह कार्यक्रम 8 जनवरी से 12 जनवरी तक चल रहा है। इसमें एनीमिया, स्वच्छता, डाकघर की स्कीम, रेड क्रॉस, बागवानी, पर्यावरण, पानी का संरक्षण, बैंक की स्कीम और पैसा निकालना और पैसा जमा करना, बैंक खाता खोलना, जैविक कृषि आदि विषय है। जो बच्चों को अलग-अलग विशेषज्ञ द्वारा संपूर्ण जानकारी दी गई है। हेड मास्टर राजकुमार खटाना ने कहा कि पानी हमारे लिए अनमोल है, पानी बैंक की तरह काम करता है हमें पानी को व्यर्थ में गाड़ी धोने में, खुली टंकी से नहाने में बाहर, रास्ते में पानी को व्यर्थ नहीं चलाना चाहिए जल ही जीवन है बात कही। आचार्य ने कहा कि पर्यावरण स्वच्छ बनाने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और जैविक कृषि के लिए हमें बिना रसायन की कृषि करनी चाहिए जिससे हम लंबी आयु प्राप्त कर सकते हैं। प्रकृति हमारे लिए अनमोल है हमारा जीवन भी अनमोल है प्रकृति हमारे लिए अमूल्य उपहार भी है हमें इसके महत्व को समझना चाहिए और हमें इसके संरक्षण के लिए संकलपित होना चाहिए। राकेश शास्त्री ने कहा कि यह जीवन कौशल विकास शिविर है इसमें विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया गया है। इस अवसर पर राकेश शास्त्री, नथीराम महाबली, सुषमा हेल्थ डिपार्टमेंट, सुनीता देवी, राजबाला और गीता आदि उपस्थिति रहे।

# एवीटी स्टाफ टीम ने 5 हजार के इनामी बदमाश को अवैध हथियार सहित दबोचा



**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** उप-निरीक्षक पवन कुमार प्रभारी एवीटी स्टाफ रोजकामेव के नेतृत्व में गठित टीम ने सलम्बा मोड़ नूंह से एक 5 हजार रुपए के इनामी बदमाश को अवैध हथियार सहित काबू किया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सदर नूंह में अवैध हथियार अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया की एवीटी स्टाफ रोजकामेव की एक टीम उप-निरीक्षक पवन कुमार के नेतृत्व में गस्त पर थी। उसी दौरान सूचना मिली कि हाकम पुत्र दीन मौहम्मद निवासी रोजकामेव जिला नूंह जो हमेश अपने पास अवैध हथियार रखता हैं और घर जाने के लिए सवारी के इंतजार में गांव सलम्बा मोड़ नूंह रोड़ पर खड़ा हैं। सूचना के मुताबिक टीम मौके पर पहुंची तो पुलिस को देखकर एक युवक तेज-2 कदमों से चलने लगा। जिसको काबू कर नाम पता पुछा तो उसने अपना नाम हाकम उपरोक्त बतलाया। तलाशी लेने पर हाकम से एक देसी कट्टा बरामद हुआ। आरोपी के विरुद्ध थाना सदर नूंह में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरु की हैं ।

आगे जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी हाकम पांच हजार रुपये का इनामी बदमाश था, जिस पर चोरी के चार अन्य मुकदमें थाना वजीरपुर जिला सवाई माधौपुर राजस्थान, थाना सुरजकुण्ड फरीदाबाद व नूंह में दर्ज है। राजस्थान के ज़िले सवाई माधोपुर के थाना वजीरपुर में दर्ज चोरी के एक मुकदमे में हाकम पर पाँच हजार रुपए का इनाम घोषित है। आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना सम्बंधित थाना को दी गई। आरोपी को आज अदालत में पेश किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त निरीक्षक मलखान सिंह प्रबंधक थाना बिछौर के नेतृत्व में गठित टीम ने तीन वर्ष से लूट-डकैती के मामले में फरार चल रहे आरोपी अजरुद्दीन उर्फ अज्जू पुत्र मज्जल निवासी जंघावली थाना शेरगढ़ उत्तर प्रदेश हालाबाद गांव राजपुर कुकवान थाना पुन्हाना को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं। आरोपी को एक दिन पुलिस रिमांड के बाद आज अदालत में पेश किया जाएगा।इसके अतिरिक्त उप-निरीक्षक सुरजीत थाना शहर नूंह के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर तावडू रोड़ नूंह से सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने के जुर्म में जुनैद खान पुत्र जीत खान निवासी शाहपुर नगंली नूंह को गिरफ्तार किया हैं। जिसके कब्जे से सात हजार पचास रुपये बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी हैं।

# पत्रकारों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी विवरण एवं संगोष्ठी संपन्न



**मीडिया वेल बींग एसोसिएशन के कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट मिनिस्टर मूलचंद शर्मा, राज्य मंत्री संदीप सिंह, पूर्व मंत्री विपुल गोयल**

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** मीडिया वेल बींग एसोसिएशन द्वारा पत्रकारों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी वितरण एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। हरियाणा के परिवहन, उच्चतर शिक्षा मंत्री एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि, राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। पूर्व उद्योग मंत्री एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष विपुल गोयल और जिला भाजपा अध्यक्ष राजकुमार वोहरा की गरिमामयी उपस्थिति में विधायक एवं चेयरमैन नयनपाल रावत एवं विधायक सीमा त्रिखा बतौर विशिष्ठ अतिथि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली, चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर सुदेश कटारिया, प्रेस सचिव प्रवीण अत्रेय ने बतौर मुख्य वक्ता अपने अपने विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय राज्य मार्ग स्थित मैगपाई में पत्रकारों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी वितरण तथा डिजिटल पत्रकारिता व मीडिया एथिक्स विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मीडिया वेल बींग एसोसिएशन से संबंधित फरीदाबाद, पलवल तथा नुहु के पत्रकारों को दस-दस लाख वाली स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी नि:शुल्क वितरित की गई। आयोजन समिति अध्यक्ष गुरुदत्त ने बताया कि पलवल, नुहु एवं फरीदाबाद जिले के पत्रकारों के लिए आयोजित मीडिया वेल बींग एसोसिएशन अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी, महासचिव सुरेंद्र मेहता, कोषाध्यक्ष तरुण कपूर एवं कार्यक्रम स्वागत समिति के चेयरमैन ज्योति संग एवं ज्ञानेंद्र भरतरिया के सानिध्य में गोष्ठी संपन्न हुई। संगोष्ठी में पत्रकारों की सुरक्षा, अधिकारों के साथ-साथ राष्ट्र सर्वोपरि भाव रखते हुए नैतिक कर्तव्यों एवं सकारात्मक पत्रकारिता पर भी चर्चा की गई।

परिवहन, उच्चतर शिक्षा मंत्री एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा का देश की तेजी से उभरती अर्थव्यवथा में बड़ा योगदान है। आज प्रदेश जीएसटी संग्रह में नंबर वन, खेलो में मैडल लाने में नंबर वन है। पत्रकारों के लिए आवासीय योजना पर हमारी सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने मीडिया वेल बींग एसोसिएशन को 11 लाख की राशि आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की। अपने अध्यक्षीय भाषण में राज्य मंत्री संदीप सिंह ने मीडिया में पत्रकारों की भूमिका की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि सच्चे एवं अच्छे पत्रकार सच्चाई को जनता के सामने लाते हैं। उन्होंने अपने खेल जीवन के यादगार संस्मरण सुनाते हुए पत्रकारों को पांच लाख की आर्थिक मदद करने की घोषणा की। चेयरमैन एवं विधायक नयनपाल रावत ने कहा की मीडिया चौथा स्तंभ जिसके लिए हमारे यशस्वी एवं तपस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पत्रकारों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार हमेशा पत्रकारों के लिए रहेगी, उन्होंने अपने कोश से दो लाख की आर्थिक सहायता की घोषणा भी की।

विधायक सीमा त्रिखा ने अपने भाषण में कहा कि पत्रकार सरहद पर तैनात प्रहरी की तरह होता है। हमेशा जोखिम में रहते हुए सच्चाई को सामने लाते हैं। मीडिया देश एवं नेताओं को आईना दिखाने का भी कार्य करती है। पत्रकार डायनामिक के साथ डाइनामाइट भी हैं। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली ने अपने संबोधन में कहा कि यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी ने सदैव पत्रकार हित की योजनाओं को धरातल पर लाने में तत्परता दिखाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी थ्री सी अर्थात कास्ट, करप्शन और क्राइम को प्रदेश से समाप्त कर भारत देश को विकसित बनाने में अहम भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में एसोसिएशन तरफ से मंत्री एवं विधायकों को पत्रकारों संबंधित मांगपत्र भी सौंपा गया। मंच संचालन ज्योति संग द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश उप्पल, अनिल दत्ता, संजय भूटानी, भुवनेश झंडई, मनु मेहता, पलवल से गुरुदत्त गर्ग, हथीन से उदय चंद माथुर, नुहु से यूनुस अल्वी, सुनील सरदाना और दीपक मिगलानी सहित काफी संख्या में मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

# कनीना अनाज मंडी में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



**विधायक सीताराम यादव ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत दो महिलाओं को दिए मुफ्त गैस कनेक्शन**

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** विकसित भारत संकल्प यात्रा बृहस्पतिवार को कनीना अनाज मंडी में पहुंची। सरकार के विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर नागरिकों को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक सीताराम यादव मौजूद थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर 2023 को झारखंड से किया था। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है। शिविर में अधिकारियों ने प्रोपर्टी आईडी व परिवार पहचान पत्र में त्रुटि को दुरुस्त किया गया वहीं आधार कार्ड अपडेट, बुढ़ापा पेंशन, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन, आयुष विभाग ने योग व ओपीडी, स्वास्थ्य विभाग ने हेल्थ चेकअप किया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि ने रेखा, मीना व ममता को श्रेष्ठ माता के रूप में सम्मानित किया गया तथा छोटी बच्ची प्रीत का जन्मदिन मनाया गया। विधायक सीताराम यादव ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत शोभा व प्रमिला को मुफ्त गैस कनेक्शन दिए। इस मौके पर एसडीएम सुरेंद्र सिंह, अतरसिंह, मुन्नीलाल मंडल प्रभारी, सुरेश वशिष्ट, निगरानी कमेटी के सदस्य मनोज,ओमप्रकाश जिला प्रवक्ता, रोशनी मंडल सचिव, बाबूलाल मुंडिया खेड़ा, अनिल यादव उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, जिला सचिव नीलम, दीपक कुमार के अलावा अन्य अधिकारी- कर्मचारी एवं नागरिक मौजूद थे।

# पटवारियों ने शुक्रवार तक बढ़ाई हड़ताल, कार्यों के लिए आमजन उनके कार्यालय के चक्कर लगाने को मजबूर

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन का धरना शुक्रवार तक बढ़ा दिया गया है। गौरतलब है वेतन संबंधित मांगो को लेकर महेंद्रगढ़ जिले की सभी तहसील व उप तहसील में कार्यरत सभी पटवारी और कानूनगो बीती 3 जनवरी से हड़ताल पर हैं। प्रदेश सरकार द्वारा उनकी मांग न माने जाने पर उनकी ओर से शुक्रवार तक हड़ताल बढ़ा दी गई है पटवार एवं कानूनगो संगठन कनीना के प्रधान शमशेर सिंह ने बताया कि सरकार



अपने द्वारा की गई घोषणा को लागू नहीं कर रही है यादवेंद्र पटवारी ने कहा कि वेतन उनकी मांग नहीं बल्कि हक है, सरकार की वादाखिलाफी के कारण ही पटवारी-कानूनगो हड़ताल पर हैं पटवारी की हड़ताल के कारण आम जन छोटे-छोटे कार्यों के कारण उनके कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं उन्होंने कहा कि सरकार किए हुए वादों से पीछे हट रही है मांगे ने माने जाने पर उन्होंने हड़ताल को शुक्रवार 12 तारीख तक बढ़ा दिया है शमशेर यादव ने कहा कि मांगे नहीं माने जाने पर पटवारी कानूनगो संगठन सरकार के साथ लंबी लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। पटवारी कानूनगो की हड़ताल के कारण सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है वही दूसरी और आम आदमी त्राहि-त्राहि करने लगा है। इस मौके पर जिले के पटवारी कानूनगो हाजिर रहे।

सिटी 24 न्यूज

सिटी 24 न्यूज की संपादक रवीना यादव द्वारा सी-118, विपुल प्लाजा, सेक्टर-78 फरीदाबाद, हरियाणा से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं न्यूज पोर्टल के लिए ई-पेपर को प्रसारित किया है। ई-पेपर में शामिल लेखों, विचारों एंव समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है अपितु लेखक ही जिम्मेदार होगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का निपटारा केवल फरीदाबाद न्यायालय में ही मान्य होगा। संपर्क: 9818180269, ईमेल : city24newsroom@gmail.com

# बेटियों की तरह बेटों को दे अच्छे संस्कार : रेखा शर्मा

## हरियाणा महिला आयोग की 25वीं वर्षगांठ में उपलक्ष्य में दो दिवसीय समागम का हुआ आगाज



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** हरियाणा महिला आयोग की 25वीं वर्षगांठ में उपलक्ष्य में दो दिवसीय समागम का गुरुवार को आगाज हो गया है। सूरजकुंड के राजहंस होटल में अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन का शुभारंभ राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन श्रीमती रेखा शर्मा ने किया। राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन रेखा शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनना है और इसके लिए महिलाओं में जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबर के अधिकार दिए हैं। किसी भी देश को में सुख, समृद्धि महिला सशक्तिकरण से ही से ही आती है। महिलाएं देश की रक्षा करने में भी अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित कर रही है। हरियाणा महिला आयोग की वजह से आज हरियाणा का स्वरूप बदल गया है। सशक्त महिला का मतलब सिर्फ काम करने या कमाने से नहीं सशक्त महिला का असली मतलब उसे महिला से है जो अपने सारे फैसले खुद ले सकती है। आज महिलाओं के प्रति पुरुष समाज को सोच का बदलना बहुत जरूरी है आज समाज में महिला पुरुष के साथ ट्रांसजेंडर की भी बातें होती हैं और जब तक समाज को जानवरों में बांटा जाएगा तब तक समाज को आयोग की जरूरत पड़ेगी। महिला आयोग का काम उसे दिन खत्म होगा जब किसी बच्ची को गर्भ में ना मरने दिया जाए बच्ची के पैदा होने पर उसे किसी रंग या कपड़े के लिए नहीं टोका जाए जितनी आजादी बेटों को दी जाती है उतनी आजादी बेटियों को भी दी जाए इसकी शुरुआत हमें अपने परिवारों से ही करनी होगी क्योंकि परिवार में ही हम अपने बच्चों में जेंडरो का भेदभाव करते आ रहे हैं। हरियाणा महिला आयोग की चेयर पर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि हरियाणा राज्य महिला आयोग (एचएससीडब्ल्यू) अपने 25वें स्थापना दिवस पर आज वीरवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला शिखर सम्मेलन एशियन कंट्रीज समिट - दुर्गा एम्पावरिंग वूमेन नामक दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन शुरू किया गया है। कार्यक्रम सूरजकुंड स्थित होटल राजहंस के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनी महिलाओं ने शिरकत की। मध्यप्रदेश की पहली पूर्व विधायक शबनम मौसी ने कहा कि 2000 में मध्य प्रदेश की में विधायक बनी। इसके बारे में उन्होंने कहा कि मुझे कार्यक्रम में बुलाने पर रेनू भाटिया और हरियाणा के सभी लोगों का भी धन्यवाद करती हूँ। इसके बाद उन्होंने मध्य प्रदेश, यूपी और मुंबई में अपने संकट भारी जीवन की स्वयं की चर्चा करते हुए कहा कि मेरा मुख्य गरीबों की सेवा करना है। महिलाओं को समाज में आगे लाना चाहिए पुरुषों के बराबर महिलाओं को भी सम्मान मिलना चाहिए और अब वक्त है कि ट्रांसजेंडरों को भी अच्छी नजर से देखा जाए उनको समझ में सम्मान और इज्जत दी जाए उन्हें भी दूसरों की तरह प्रेम से गले लगाया जाए। ट्रांसजेंडर एक्टीविस्ट गौरी सावंत ने कहा कि महिला और पुरुष के समान ट्रांसजेण्डर को भी समाज और परिवार के लोगों को बराबर का सम्मान देना चाहिए। इस कार्य के लिए मैंने जिंदगी में संघर्ष की शुरुआत की है। भारत की उन्नति में हम अपना विशेष योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकार चाहिए। महिला व पुरुष के बराबर ट्रांसजेंडर को भी अधिकार चाहिए। और हमें समाज में वोट का अधिकार मिल गया है। ट्रांसजेंडर को अब 50 प्रतिशत लोग अच्छा रिस्पांस दे रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयर पर्सन रेखा शर्मा, ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट गौरी सावंत, वरिष्ठ टीवी एंकर मीमांसा मलिक, पहली महिला ट्रांसजेंडर विधायक शबनम मौसी, एडवोकेट रितु कपूर, एनकाउंटर स्पेशलिस्ट शाहिदा परवीन, जम्मू कश्मीर वक्फ बोर्ड चेयरपर्सन दरक्षा आंध्रवी, पत्रकार सलमा सुल्तान, चाद की एम्बेसडर दिल्लालुशयनी व कान्ता सिंह डिप्टी रिप्रैजंटिव यूनाइटेड नैशनन वुमेन इण्डिया रही।

# यमुना रक्षक दल ने किया मकर संक्रांति महोत्सव का आयोजन

## मकर संक्रांति महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** यमुना रक्षक दल के तत्वावधान में दल के औद्योगिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. ओ.पी. पाण्डेय के सेक्टर 15 स्थित आवास पर मकर संक्रान्ति महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान कैबिनेट मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। पं. ओ.पी. पाण्डेय ने प्रभु श्रीराम को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किए। यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.आर एन सिंह, औद्योगिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. ओ पी पाण्डेय, भोजपुरी अवधी समाज के चेयरमैन पं. रमाकांत तिवारी, सामूहिक पूर्वांचल सभा के अध्यक्ष राज नाथ सिंह, आदर्श समाज सहयोग समिति के संरक्षक पं. के बी दुबे, लोहिया जागृति मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट नागेश सिंह, अखिल भारतीय राजपूत एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस के सिंह ने फूल मालाओं तथा शाल से विपुल गोयल का भव्य स्वागत कर शुभकामनाएँ दिए। निवर्तमान कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने पंडित ओ पी पाण्डेय को शाल ओढ़ाकर तथा माला पहनाकर समस्त पूर्वांचल समाज को नव वर्ष, लोहड़ी, मकर संक्रान्ति, श्री राम प्रभु के श्री अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुभकामनाएँ दिए। पं. ओ पी पाण्डेय ने अपने सम्बोधन में विपुल गोयल के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर बधाई देने के साथ ही फरीदाबाद क्षेत्र का राजनैतिक प्रतिनिधित्व करने की शुभकामना किए। विपुल गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि सदैव से पूर्वांचल के लोगों का स्नेह तथा सहयोग मिलता रहा है, इसके लिए सदैव आभारी रहूँगा, उनकी सेवा के लिए तत्पर रहूँगा। कार्यक्रम का संयोजन यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.आर एन सिंह ने किया।

# संसार में सबसे बड़ा दान होता है रक्तदान : राजन मेहरा

## हिन्द टर्मिनल्स प्रा0लि0 ने रोटरी क्लब के साथ किया रक्तदान शिविर व हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** हिन्द टर्मिनल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रोटरी क्लब फरीदाबाद अरावली के सहयोग से एक रक्तदान शिविर और हेल्थ चेकअप कैंप का अयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 53 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर हिन्द टर्मिनल्स कंपनी के महाप्रबंधक (टर्मिनलस हेड) राजन मेहरा ने रक्तदाताओं की हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि संसार में रक्तदान करना सबसे बड़ा दान होता है क्योंकि किसी मनुष्य द्वारा दान किया गया रक्त, जरूरत पडने. पर किसी दूसरे मनुष्य की जिंदगी बचा सकता है इसलिए हम सब को अवश्य रक्तदान करना चाहिए और इससे किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती बल्कि पुराना रक्त निकलने के बाद शरीर में नया रक्त बनने लगता है। उन्होंने रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रोत्साहित कर उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। वहीं हेल्थ चेकअप कैंप में आंखों की जांच, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर आदि की जांच की गई, करीब 125 कर्मचारियों ने इस दौरान जांच करवाई, जिसमें करीब 70 कर्मचारियों को चश्में भी वितरित किए गए। एडमिन प्रबंधक नवल किशोर धयानी ने कहा की इस तरह के शिविरों का आगे भी आयोजन किया जायेगा। हिन्द टर्मिनल्स प्राइवेट लिमिटेड के मेडिकल अफसर डॉ. राजेंदर तेवतिया ने कहा कि रक्तदान से बढकर कोई दान व पुण्य का कार्य नहीं है, दान किया गया रक्त आपात स्थिति में जरूरतमंद के लिए संजीवनी का कार्य करता है इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को हर तीन माह बाद रक्तदान करना चाहिए। शिविर में रोटेरियन राजेश अरोड़ा, प्रधान प्रियंका बिष्ट बुधानी और दीपक प्रसाद ने रक्तवीरो का होंसला बढ़ाया।

# भाजपा-जजपा सरकार का विकास भाषणों और फाइलों तक सीमित, ग्राउंड पर जीरो : मास्टर ऋषिपाल



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** किसान कांग्रेस जिला फ़रीदाबाद के अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता मा0 ऋषिपाल ने कहा कि हरियाणा में भाजपा - जजपा गठबंधन सरकार का विकास सिर्फ़ भाषणों और फाइलों तक दिखाई देता है जबकि ग्राउंड पर विकास बिल्कुल ज़ीरो है। उन्होंने सरकार पर चौतरफ़ा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार ने जो कार्य 2014 तक किए थे उन्हें भी गठबंधन सरकार ने बर्बाद करके रख दिया है। आज सरकार ने गांवों और शहरों दोनों को ही विकास के मामले में 20 वर्ष से भी अधिक पीछे धकेल दिया है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि 10 वर्षों के अनुभवों के बाद भी खट्टर साहब की प्रशासन पर पकड़ नहीं है जबकि उप मुख्यमंत्री महोदय ने पिछले क़रीब साढ़े चार वर्षों के शासन के दौरान हरियाणा के आर्थिक विकास की चिंता छोड़कर अपने तथा अपने परिवार की आर्थिक मज़बूती बढ़ाने का ही काम किया है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा का युवा बेरोजग़ारी की ज़बर्दस्त मार झेल रहा है।सरकार ने उसका भविष्य बिल्कुल अंधकारमय बना दिया है। ऊपर से नशे के कारोबारियों ने युवाओं को नशे की लत लगा दी है जिसके कारण ही वह पूरी तरह उसमें फंस चुका है। आज हरियाणा नशे का कैपिटल बन गया है। किसानों की हालत भी बहुत ज़्यादा ख़राब है। कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री की लगातार घोषणाओं के बाद भी किसानों का अपनी क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवज़ा नहीं मिला है। जिनको कुछ मिला भी है तो वह ऊँट के मुंह मे जीरे के बराबर है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में शिक्षा का स्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है और अध्यापकों को सरकार पढ़ाई का काम छुड़वाकर दूसरे कार्यों में व्यस्त रखती है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र में गड़बड़ी के कारण लाखों बुजुर्गों की वृद्धा पेंशन कट चुकी है और नई पेंशन के लिए बुजुर्गों को दर-दर भटक की ठोकरें खानी पड़ रही है।

# प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के कारण घर बैठे मिल रहा लाभ : सीमा त्रिखा

**विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज नेहरु कॉलोनी कार्यक्रम आयोजित हुआ**



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** बडख़ल विधानसभा क्षेत्र से विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की प्रमुख योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके। देश व प्रदेश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं। विधायक सीमा त्रिखा आज वीरवार को फरीदाबाद नेहरु कॉलोनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के हर गांव में ग्रामीणों को शहरों जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश की मनोहर सरकार द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से विकास कार्य किए जा रहें हैं। हर गांव में विकास कार्य गुणवत्ता पूर्वक संपन्न करवाए जा रहे हैं।

इसके अलावा अनेक विकास कार्य प्रगति पर है जो निर्धारित अवधि में पूर्ण कर ली जाएंगे। क्षेत्र में सडकों की मरम्मत, सौंदर्यीकरण पर करोड़ों रुपये की राशि खर्च की जा रही है। ग्रामीणों को बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेलकूद सहित अन्य योजनाओं व सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है। विधायक श्रीमती त्रिखा ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टालों का अवलोकन करते हुए लाभार्थियों से सरकार की योजनाओं के बारे में प्रतिक्रिया ली। उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का विकास कर उसे समाज की मुख्यधारा में शामिल करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कार्यक्रम में योजना के लाभार्थियों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी व विभिन्न प्रकार की सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पेंशन बनाने के कार्य को शुरू करके पेंशनधारकों को कार्यालयों के चक्कर लगाने के झंझट से मुक्ति दिलाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रत्येक गांव में पहुंचकर सरकारी योजनाओं व सेवाओं बारे ग्रामीणों को जागरूक करने के साथ-साथ लाभानवित भी कर रही है।

# निगम पालिका कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने की मुख्यमंत्री से की भेंट

## मुख्यमंत्री ने दिया जल्द मांगों के समाधान का आशवासन



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा का प्रतिनिधिमंडल कल देर रात सेक्टर 12 स्थित हुड्डा कन्वेंशन हॉल में राज्य अध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री की अगवाई में माननीय मुख्यमंत्री से भेंट कर गुरुग्राम कर्मचारियो के टर्मिनेशन, सस्पेंशन एवं 3480 छटनी कर्मचारियों को ड्यूटी ज्वाइन करने, झूठे मुकद्दमे व हड़ताल अवधि का वेतन देने व नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के मांग पत्र एवं अग्निशमन कर्मचारियों की भर्ती पर रोक लगाने व अन्य मांगों का समाधान हेतु आज फरीदाबाद में कष्ट निवारण समिति की बैठक के दौरान संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से मिलकर ज्ञापन सोपा। मुख्यमंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा कि गुरुग्राम सहित अन्य मांगों एवं अग्नि शमन कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य अध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने मुख्यमंत्री से कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने हेतु बैठक करने का समय निर्धारित करने की अपील की मुख्यमंत्री ने जल्द बैठक करने का भी आश्वासन दिया मुख्यमंत्री ने 4298 सफाई कर्मचारियों व 68 सीवर मैनो की भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने के लिए भी जिला उपयुक्त एवं निगम आयुक्त को आदेश दिए है। जिस पर निगम आयुक्त ने संज्ञान लेते हुए अगले हफ़्ते नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा की जिला कमेटी के साथ बैठक करने का भी समय निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री फरीदाबाद की सफाई व्यवस्था से खुश नजर आए और उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जम कर तारीफ की। संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने मुख्यमंत्री के सामने कर्मचारियों की मांग उठाते हुए कहा कि फायर में होने वाली भर्ती पर रोक लगाई जाए फायर कर्मचारी के साथ वर्दी भत्ते में किए गए भेदभाव को दूर करते हुए पुलिस के समान वर्दी भत्ता दिया जाए 29 अक्टूबर 2022 के फैसले के अनुसार सभी फायर के कच्चे कर्मचारियों को 58 वर्ष तक नौकरी की गारंटी व नियमित करने की नीति बनाई जाए ।श्री शास्त्री ने कहा कि पालिकाओं, परिषदों व नगर निगमो के अति आवश्यक मुद्दों पर भी चर्चा कर समाधान करने व नगर निगम के निर्दोष जूनियर इंजीनियर संदीप तलवार को भी बहाल करने की अपील की है।

# वर्षो की तपस्या का परिणाम है राम मंदिर का निर्माण : विपुल गोयल

## पूर्वमंत्री बोले, 22 जनवरी को पूरा देश मनाएगा दिवाली



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के पूर्वमंत्री एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने कहा है कि राम मंदिर का निर्माण वर्षो की तपस्या का परिणाम है। 22 जनवरी को पूरा देश दीवाली मनाकर इस उत्सव को मनाएगा। पूर्व मंत्री गुरुवार को तिगांव क्षेत्र के गांवों में दौरे के दौरान नुक्कड सभाओं को संबोधित कर रहे थे। विपुल गोयल ने लोगों के मध्य जाकर भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और प्रदेश की नीतियों से अवगत करवाया और लोगों से आह्वान किया कि आने वाली 22 जनवरी कों पूरा देश दिवाली मनाएगा जिसमें सभी लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर अपने घरो मे दीपक जला रामलला का स्वागत करें। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने कहा की वर्षो बाद देशवासियों का सपना पुरा होने जा रहा है जोकि हर भारतवासी के लिए गर्व की बात है। विपुल गोयल ने कहा की भारतीय जनता पार्टी सबके विकास और उत्थान के बारे में सोचने वाली पार्टी है। गोयल ने आगे कहा की ये मोदी- मनोहर युग है जिसमें हर सरकारी योजना को अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाना पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का लक्ष्य है जिसे पूरा करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की गयी थी ।प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने आज तिगांव विधानसभा के गांव फरीदपुर, बड़ोली, नीमका और तिगांव गांव में दौरे किये। जहाँ महिला शक्ति ने भी विपुल गोयल कों सिर पर हाथ रखकर आने वाले चुनावों के लिए आशीर्वाद दिया। गांव के लोगों ने पूर्वमंत्री का फूल मालाओं से एवं पगड़ी बांधकर स्वागत किया। इस मौके पर गिर्राज त्यागी मण्डल अध्यक्ष, सुरजीत अधाना पूर्व जिला पार्षद, रविंद्र, महेन्द्र, हरिचंद, सरदार जेलदार, सुनील सिंह, धर्म सिंह, पृथ्वी, रामपाल, बाबा राधे, बाबा ज्ञानी, बिरपाल, बीरेंद्र, बिजेन्दर, राजबीर सरपंच, भीम सिंह, मित्रपाल, पंडित मुकेश शास्त्री पूर्व चेयरमैन, विजय शर्मा, राज कुमार राज, राकेश इंजीनियर, जवाहर ठाकुर व अन्य सेंकड़ों लोग उपस्थित थे।